



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 128 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 07 फरवरी 2026 डाक 08 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए





## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक 10 निवासी राजेश्वरी साहू मानस कुमार साहू के निवास स्थान पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। 6 फरवरी शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निवास स्थान से निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग होते हुए सागर तालाब से जल भरकर राधावल्लभ मंदिर होते हुए निवास स्थान पहुंची। सैकड़ों की संख्या में महिलाएं युवतियों ने कलश यात्रा में हिस्सा लिया।



प्रथम दिवस कथा शुरू करते हुए पंडित नेहनाथ व्यास नरियरा वाले द्वारा भागवत माहात्म्य व्यास नारद संवाद आदि पर उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। 7 फरवरी को परीक्षित जन्म 12 वराह अवतार कपिल जन्म सती चरित्र 8 फरवरी को द्रोण चरित्र प्रहलाद चरित्र अजामिल कथा 9 फरवरी को वामन अवतार समुद्र मंथन श्री राम कथा व श्री कृष्ण जन्मोत्सव 10 फरवरी को शिशु लीला बाल लीला माखन चोरी गोवर्धन पूजा रस वृतांत 11 फरवरी को रुक्मणी मंगल विवाह उत्सव 12 फरवरी को सुदामा चरित्र दत्तात्रेय कथा परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम चौधरी 13 फरवरी को गीता पाठ तुलसी अर्पण हवन कपिलातर्पण सहस्त्रधारा ब्राह्मण भोज के साथ विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न होगा। कथा समय शाम 3 बजे रखा है।

# पोड़ीदलहा में सरकारी बोर के लिए खोदे गड्ढे में गिरे बालक की मौत, देने होंगे 5 लाख

**जांजगीर।** ग्राम पोड़ीदल्हा में शासकीय हैंडपंप के पास गड्ढे में डूबने से एक बालक की मौत के मामले में हाई कोर्ट ने पीड़ित परिवार को राहत दी है। हाई कोर्ट ने कलेक्टर जांजगीर-चांपा द्वारा मुआवजा आवेदन खारिज करने के आदेश को निरस्त कर दिया है। साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र के अनुसार 4 लाख रुपए की मुआवजा राशि 60 दिन के भीतर प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

याचिकाकर्ता शिवानंद धीवर के पुत्र की 16 जुलाई 2020 को शासकीय हैंडपंप के पास बने गड्ढे में डूबने से मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद पुलिस द्वारा मर्ग जांच की गई, जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी डूबने से मृत्यु की पुष्टि हुई। तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारी की जांच में भी घटना सही पाई गई। मृतक के पिता ने जांच रिपोर्ट के आधार पर राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग-6 खंड-4 के तहत 4 लाख रुपए मुआवजा के लिए कलेक्टर के समक्ष



आवेदन दिया था, लेकिन कलेक्टर ने आवेदन खारिज कर दिया। कलेक्टर के निर्णय से असंतुष्ट होकर उन्होंने अधिवक्ता सुशोभित सिंह के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि कलेक्टर का आदेश विधि सम्मत नहीं है और डूबने से हुई मृत्यु पर नियम अनुसार मुआवजा दिया जाना आवश्यक है। हाई कोर्ट ने मामले में राज्य शासन और कलेक्टर को नोटिस जारी किया। शासन की ओर से जवाब प्रस्तुत करने के बाद सुनवाई पूरी की गई। न्यायालय ने कलेक्टर का आदेश रद्द करते हुए निर्देश दिया कि आदेश जारी होने की तिथि से 60 दिन के भीतर पीड़ित परिवार को संपूर्ण मुआवजा राशि का भुगतान किया जाए।

## विस सत्र के दौरान सरकारी कर्मियों की छुट्टी पर रोक

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का आठवां सत्र सोमवार 3 फरवरी से शुरू हो रहा है। विधानसभा सत्र के सुचारू संचालन को दृष्टिगत रखते हुए सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर नहीं जा सकेंगे तथा सभी को अपने निर्धारित मुख्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत न करें।



## वित्त मंत्री ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने शहर में निर्माणाधीन विभिन्न विकास कार्यों और बुनियादी परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इतवारी बाजार, नालंदा परिसर, कयाघाट, किसान राइस मिल के पास विकसित किए जा रहे ऑक्सीजोन तथा ऐतिहासिक पहाड़ मंदिर परिसर में चल रहे कार्यों का अवलोकन किया। वित्त मंत्री ने संबंधित अधिकारियों और इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं और गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में लापरवाही या अनियमितता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। इसे देखते हुए नियमित मॉनिटरिंग और विभागीय समन्वय पर जोर दिया गया है। ओपी चौधरी ने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद रायगढ़ को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, विस्तृत हरित क्षेत्र और सुव्यवस्थित शहरी सुविधाएं मिलेंगी।

# कलश यात्रा के साथ श्री अखण्ड नवधा रामायण शुरू

**जांजगीर।** ग्राम महंत भाठापारा में 17वां अखण्ड नवधा रामायण आयोजन कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। श्री सिद्ध बाबा मंदिर के पास श्री सिद्ध बाबा सेवा समिति और ग्रामवासियों के तत्वावधान में यह कार्यक्रम हो रहा है। शुभारंभ पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भव्य कलश यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कलश स्थापना के बाद विधिवत रामायण कथा शुरू हुई। आयोजन के तहत 4 फरवरी से 14 फरवरी तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इसमें कथा वाचन, मानस गायन, प्रवचन, भजन, शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत और फिल्म संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। 13 फरवरी को मानस गायन प्रतियोगिता होगी, जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। 14 फरवरी को कथा विश्राम, हवन, सहस्त्रधारा और ब्राह्मण भोज का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन आचार्य नंदकुमार मिश्रा सेंदरी वाले द्वारा किया जा रहा है।



## वित्त मंत्री से मिले कनौजिया कुर्मी एकता मंच के पदाधिकारी

**रिगनी- खरौद।** जांजगीर-चांपा में कनौजिया कुर्मी एकता मंच के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सौजन्य मुलाकात कर स्मरण पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में संतोष कुमार कश्यप (प्रदेशाध्यक्ष), घासीराम कश्यप (कार्यकारी अध्यक्ष), बुधराम कश्यप (महासचिव), लव वर्मा (उपाध्यक्ष) और डालेश्वर कश्यप (संरक्षक) शामिल थे। मंच पदाधिकारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती सम्मान और जांजगीर-चांपा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में मंच से घोषित 18 लाख रुपए की राशि को स्वीकृत कराने की मांग की। उनका कहना था कि घोषणा के अनुरूप राशि जारी कर विकास कार्यों को जल्द शुरू कराया जाए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास कार्यों को लेकर गंभीर है और जनहित से जुड़े मामलों में देरी नहीं होने दी जाएगी।



# नगरपालिका के आधिपत्य में होगी हाउसिंग बोर्ड कालोनी

**जांजगीर।** एचआईजी, एमआईजी सहित पांच वर्गों में कुल 471 आवास बनाए गए थे। लेकिन लंबे समय से कॉलोनी को नगर पालिका को हैंडओवर नहीं किया गया, जिसके कारण यहां के रहवासियों को पानी, सड़क, बिजली और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही थी। कॉलोनीवासियों की कई बार शिकायत और विरोध प्रदर्शन के बाद अब समस्या के समाधान का रास्ता खुला है। मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश की 35 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों को नगर निगम और पालिकाओं को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया है। हैंडओवर होने पर कॉलोनी में पानी, सड़क, बिजली और साफ-सफाई संबंधी समस्याएं दूर होंगी और दोहरे खर्च से भी राहत मिलेगी। लंबे समय से रहवासी इस मांग को लेकर आवाज उठा रहे थे। कॉलोनी में एचआईजी के 185, एमआईजी के 80, एलआईजी के 76, ईडब्ल्यूएस के 30, अटल आवास के 100 मकान हैं।

कॉलोनी में नालियां जाम हाउसिंग बोर्ड के नियमों के अनुसार हसदेव विहार कॉलोनी को निर्माण के दो साल बाद नगर पालिका को सौंपना था, लेकिन वर्षों तक जिम्मेदार अफसरों ने पहल नहीं की। कॉलोनी में करीब 70 फीसदी सड़कें खराब हो चुकी हैं। एप्रोच रोड से लेकर गलियों तक कंक्रीट उखड़ चुका है। गड्ढों में बारिश का पानी भर जाता है। करीब 30 प्रतिशत नालियां लोगों ने पाट दी हैं और उनके ऊपर चबूतरे व शेड बना लिए हैं, जिससे पानी निकासी की समस्या बेहद गंभीर हो गई है।





## महाशिवरात्रि पर निकलेगी प्रभु शिव की बारात

**सक्ती।** सक्ती शहर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 15 फरवरी को शिव बारात निकाली जाएगी। बाबा भोलेनाथ की इस बारात में विधायक और छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत शामिल होंगे। सक्ती के राइजिंग स्टार ग्रुप शिव बारात आयोजन समिति ने 5 फरवरी को स्थानीय वासु रिसोर्ट में महंत के आगमन पर उन्हें कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। इस दौरान शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष चिराग अग्रवाल सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे। महंत ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि वह बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

## इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग की वजह जानने फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सैंपल

**बलौदा।** गुरुवार को नगर के गुरुघासीदास चौक स्थित राजू इलेक्ट्रॉनिक्स में हुई भीषण आगजनी की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम शुक्रवार देर शाम मौके पर पहुंची।



एफएसएल की सृष्टि राय ने थाना प्रभारी मनोहर सिन्हा और पुलिस स्टाफ के साथ आग से प्रभावित दुकान और मकान का निरीक्षण किया। टीम ने इलेक्ट्रिक कनेक्शन सहित अन्य संदिग्ध सामग्री की जांच की और सैंपल जमा किए। इन सैंपलों को लैब भेजा जाएगा, जहां परीक्षण के बाद आग लगने के कारणों का खुलासा होगा। अब तक आगजनी के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। यह घटना सामान्य थी या किसी साजिश का हिस्सा, इसकी हर पहलू से जांच की जा रही है। गौरतलब है कि गुरुवार को हुई इस घटना में दुकान संचालक के 20 वर्षीय पुत्र की जलकर मौत हो गई थी। दुकान और गृहस्थी का सामान जल गया। एफएसएल अधिकारी सृष्टि राय ने कहा कि एकत्र किए गए सैंपलों की रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# कुम्हारीकला में कबड्डी फाइनल मैच व मड़ाई मेला आज



**देवरी सारागांव।** ग्राम पंचायत कुम्हारीकला (बाराद्वार) में स्वर्गीय बिसाहुदास महंत जी की स्मृति में 7 फरवरी को राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच और भव्य मड़ाई मेला आयोजित होगा। यह आयोजन ग्रामीण खेलकूद और सांस्कृतिक उत्सव को बढ़ावा देगा। कबड्डी समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. चरणदास महंत (नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा) होंगे। अध्यक्षता कलेक्टर जन्मेजय महोबे (जांजगीर-चांपा) करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि ज्योत्सना महंत (सांसद, कोरबा लोकसभा), विशिष्ट अतिथि शेषराज हरवंश (विधायक, पामगढ़), राघवेंद्र कुमार सिंह (विधायक, अकलतरा), राजेश कुमार अग्रवाल (जिला कांग्रेस अध्यक्ष), राजेश कुमार चौहान (सरपंच, कुम्हारीकला) और मंदाकिनी सुखेन बरेठ (उपसरपंच) रहेंगे।

पुरस्कार वितरण में प्रथम को 51,001 रुपए व ट्रॉफी, द्वितीय को 31,001 रुपए व ट्रॉफी, तृतीय को 21,001 रुपए व ट्रॉफी, चतुर्थ को 11,001 रुपए व ट्रॉफी मिलेगी। बेस्ट ऑलराउंडर को 5,001 रुपए, बेस्ट रेडर व बेस्ट कैचर को प्रत्येक 2,101 रुपए व ट्रॉफी दी जाएगी। कार्यक्रम के संरक्षक अनिल कुमार सिंह, अध्यक्ष सुखेन प्रसाद बरेठ, उपाध्यक्ष रामफल चौहान, कोषाध्यक्ष बालमुकुंद बरेठ, सचिव राजेंद्र प्रसाद बरेठ, फुलप्रसाद बरेठ व सहसचिव रंधवा राव सहित समिति के कार्यकर्ता सफलता के लिए प्रयासरत हैं। यह आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणादायक होगा।

## 2 दिन पहले घर से निकले युवक का शव तालाब में मिला, डूबने की आशंका

**अंबिकापुर।** शहर के शीतला वार्ड स्थित जोड़ा तालाब में घर से लापता एक युवक का शव शुक्रवार को पानी के ऊपर बहता मिला। परिजन उसे तलाश रहे थे। युवक बुधवार शाम को घर से निकला था और फिर नहीं लौटा। लोगों ने पुलिस को सूचना दी, तब तक लोगों ने शव को तालाब से बाहर निकाल दिया था। सूचना पर पुलिस दलबल के साथ पहुंची। युवक की पहचान पुरुषोत्तम यादव के रूप में हुई। युवक के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। पुलिस ने बताया कि वह शराब पीने का आदी था। संभावना जताई जा रही है कि वह बुधवार शाम को घर से निकलने के बाद नशे में तालाब में गिर होगा और डूबने से उसकी मौत हो गई होगी। मृतक मूल रूप से सिंगिटाना लखनपुर का निवासी है और वर्तमान में वह जोड़ा तालाब के पास ही अपने एक रिश्तेदार के यहां रहकर बिजली का काम करता था। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ओव्हरब्रिज बनाने के लिए अतिक्रमण को किया बेदखल

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर और चांपा के बीच बनाए जाने वाले हाईलेवल ब्रिज को शासन से मंजूरी मिल चुकी है। पुल निर्माण लंबे समय से अवैध कब्जे के कारण अटका हुआ था। लछनपुर क्षेत्र में चिह्नांकित भूमि पर कब्जा होने से प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही थी। शुक्रवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अवैध कब्जा हटाया और निर्माण के लिए रास्ता साफ किया।



प्रशासन ने लछनपुर मार्ग पर अवैध कब्जा करने वालों को पहले नोटिस जारी कर समय दिया था। सड़क किनारे लंबे समय से कई दुकानें संचालित हो रही थीं। जानकारी के अनुसार हसदेव नदी पर बनने वाले इस नए हाईलेवल ब्रिज पर लगभग 15 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जांजगीर की ओर अवैध कब्जा और भूमि अधिग्रहण ही सबसे बड़ी बाधा थी। अब कब्जा हटाए जाने के बाद सेतु विभाग एप्रोच रोड के लिए उपयुक्त भूमि तलाश रहा है। अवैध कब्जा हटने के बाद टेंडर प्रक्रिया सहित अन्य कार्य आगे बढ़ेंगे, जिसके बाद पुल निर्माण शुरू होगा। नए ब्रिज के साथ सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए पहुंच मार्ग भी बनाया जाएगा। इसके लिए आसपास की कुछ शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाया गया है।

चौड़ाई बढ़ जाने से कम होंगे हादसे- जांजगीर-चांपा के बीच ट्रैफिक का दबाव हर साल बढ़ रहा है। नवरात्र के दौरान गेमन पुल पर जाम की स्थिति बन गई थी। 18 अक्टूबर को गिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर पुल की रेलिंग से टकरा गया था, जिससे उसका इंजन पुल से नीचे लटक गया था। ड्राइवर और हेल्पर ने कूदकर जान बचाई थी। पुल पर पहले भी बाइक सवार दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके हैं। नया ब्रिज तैयार होने के बाद दुर्घटनाएं कम होने की उम्मीद है।

# बालगृह के बच्चों में देशभक्ति का संचार: हरि लीला चेरिटेबल ट्रस्ट ने दिखाई 'बॉर्डर-2', दिया अपनापन का संदेश

**जांजगीर-चाम्पा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बालगृह (बालक) नैला के बच्चों के लिए क्षेत्र की सक्रिय समाजसेवी संस्था हरि लीला चेरिटेबल ट्रस्ट, बनारी द्वारा एक प्रेरणादायी पहल की गई। ट्रस्ट के सहयोग से बालगृह के बच्चों को देशभक्ति पर आधारित फिल्म 'बॉर्डर-2' मेट्रो सिनेमा हॉल, जांजगीर में दिखाई गई तथा उनके लिए स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। इस आयोजन ने बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जुड़ाव का संदेश दिया।

ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं जिले वरिष्ठ भाजपा नेता तथा जशपुर जिला संगठन प्रभारी अमर सुल्तानिया ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बालकों में देशभक्ति, अनुशासन और देशसेवा की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत बच्चों को केवल सुविधा ही नहीं, बल्कि अपनापन और पारिवारिक माहौल देना भी उतना ही आवश्यक है। बच्चों के साथ समय बिताकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और आत्मविश्वास बढ़ाने का यह एक छोटा प्रयास है।



इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के सदस्य अनुराधा शुक्ला, देव बर्मन और आद्विक शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके समन्वय में 26 बच्चों के साथ बालगृह के 14 कर्मचारी—केयर टेकर पुकराम पटेल, विनोद तिर्की, पैरामेडिकल स्टाफ चमन पाटले, अकाउंटेंट नेतराम पटेल, काउंसलर दिलेश्वर प्रसाद, योग शिक्षक सूरज सिंह, शिक्षक प्रदीप कुमार, नरेंद्र यादव, रूपेश यादव तथा सुरक्षा गार्ड सुजीत पालेकर सहित कुल 40 सदस्य शामिल हुए।

कार्यक्रम ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ उन्हें एक सकारात्मक अनुभव दिया, जो उनके मानसिक और भावनात्मक विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बाल कल्याण समिति और बालगृह प्रबंधन ने इस पहल के लिए हरि लीला चेरिटेबल ट्रस्ट एवं ट्रस्टी अमर सुल्तानिया के प्रति आभार व्यक्त किया और ऐसे प्रयासों को समाज के लिए प्रेरक बताया।

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल कैद की सजा

**रायगढ़ ।** द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सारंगढ़ ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला थाना सारंगढ़ क्षेत्र के विशेष आपराधिक प्रकरण से जुड़ा है, जो पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ था। आरोपी अंकित कोसले (22 वर्ष) निवासी ग्राम हिरी ने नाबालिक पीड़िता को शादी का भरोसा देकर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाए। घटना की जानकारी परिजनों को लगने पर पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

## जमीन का सौदा कर वसूले 13 लाख रुपए

**बिलासपुर।** जमीन बेचने के नाम पर एफएम ग्रुप के डायरेक्टर ने कलेक्ट्रेट के एक क्लर्क से 13 लाख रुपए वसूल लिया। जिसके बाद न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही पैसे लौटाए। एग्रीमेंट कैंसिल होने के बाद उन्हें फर्जी चेक थमा दिया गया। धोखाधड़ी के शिकार क्लर्क ने मामले की शिकायत सकरी थाने में की है।

उसलापुर के सांई नगर में रहने वाले रविकांत शर्मा कलेक्टर कार्यालय में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने सकरी क्षेत्र के अमेरी पटवारी हल्का नंबर में जमीन देखी थी, जिसे खरीदने के लिए पसंद भी कर लिया। उन्हें बताया गया कि जमीन एफएम ग्रुप के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसे संचालक मुर्तजा हुसैन के नाम पर होने का दावा किया गया। रविकांत ने इसमें से 940 वर्गफुट जमीन खरीदने के लिए शोहेल मुर्तजा के साथ एग्रीमेंट किया।

### अनमोल वचन......

जानना ही काफी नहीं है! आपको कार्रवाई भी करनी होगी।

# भारत और ईयू वार्ता

डॉनल्ड ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में भारत और ईयू ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी।

डॉनल्ड ट्रंप के प्रहार झेल रही दुनिया में भारत और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करके मजबूत संदेश दिया है। ट्रंप के मूड के हिसाब से कभी बंद, तो कभी खुलते अमेरिकी बाजार के दरवाजों से परेशानी के दौर में दोनों पक्षों ने उस वार्ता को अंजाम तक पहुंचाया है, जो 19 वर्षों से खिंच रही थी। इसके बावजूद एफटीए के लागू होने में अभी कम-से-कम एक वर्ष लगेगा। इसके तहत मिलने वाली रियायतों के संपूर्णतः लागू होने में तो सात साल लगेंगे। ईयू में ऐसे समझौतों पर मुहर लगने की प्रक्रिया दुरूह है। मसलन, अब समझौते के प्रारूप का वहां प्रचलित 24 भाषाओं में अनुवाद होगा। संबंधित देशों की हरी झंडी मिलने के बाद यूरोपीय संसद उसे पारित करेगी।

उस प्रक्रिया से होकर निकले प्रारूप पर तब जाकर दस्तखत हो पाएंगे। चूंकि विवादास्पद मुद्दों को फिलहाल एफटीए से अलग रखा गया है, इसलिए संभावना है कि उपरोक्त प्रक्रियाएं निर्बाध पूरी हो जाएंगी। कृषि, निवेश संरक्षण, कार्बन टैक्स आदि फिलहाल एफटीए में शामिल नहीं हैं। पिछले वित्त वर्ष में भारत और ईयू के बीच व्यापार 136.5 बिलियन डॉलर का था। एफटीए लागू होने के बाद इसमें 41- 65 प्रतिशत तक वृद्धि होने का अनुमान है। अमेरिका के लगाए टैरिफ से भारत के जीडीपी को 1.6 फीसदी नुकसान का अंदाजा लगाया गया था। संभावना है कि उसमें से लगभग आधे की भरपाई ईयू से बढ़ने वाले व्यापार से हो जाएगी। इससे ईयू के वस्त्र बाजार में भारतीय उत्पाद बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पादों का बाजार छीन पाएंगे।

मगर महंगे वाहनों, नासपाती, कीवी, स्टील, फूड प्रोसेसिंग आदि के भारतीय कारोबार पर नकारात्मक प्रभाव भी पड़ेगा। बहरहाल, बदलती हुई दुनिया में निर्यात केंद्रित अर्थव्यवस्थाएं ऐसे ही उपायों से अपनी मुश्किलों से निकलने की जद्दोजहद कर रही हैं। पिछले हफ्ते दावो में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आह्वान किया था कि मध्यम श्रेणी की ताकतें उत्पीड़न से बचने के लिए मिल-जुल कर रास्ता निकालें। उसी तरह की एक राह निकालने की कोशिश भारत-ईयू ने की है। इससे भविष्य को लेकर फिलहाल माहौल में सकारात्मकता आई है। इसमें एक मजबूत संदेश निहित है।

## राशिफल

मेष राशि मंगलवार को मेष राशि वालों के लिए दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहने वाला है। सुबह के समय नए कार्यों को शुरू करने की इच्छा प्रबल रहेगी और आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों या किसी छोटे आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

वृषभ राशि के जातकों के लिए दिन थोड़ा उलझन भरा हो सकता है। कुछ काम अपेक्षा के अनुसार पूरे न होने से मन असंतुष्ट रह सकता है। कार्यस्थल पर दबाव अधिक महसूस होगा, जिससे मानसिक थकावट बढ़ सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी और रुके हुए कामों में गति आएगी।

मिथुन राशि वालों के लिए यह दिन सक्रियता और संपर्कों से भरा रहेगा। पारिवारिक और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर व्यस्तता बनी रहेगी। कोई नया अवसर या जिम्मेदारी मिलने से उत्साह बढ़ेगा। काम का बोझ अधिक होने के कारण थकान महसूस हो सकती है, लेकिन लक्ष्य पूरे होने से संतोष भी मिलेगा।

कर्क राशि के जातकों के लिए यह दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए प्रयासों की शुरुआत हो सकती है, लेकिन शुरुआत में दिशा को लेकर असमंजस महसूस होगा। वरिष्ठों की सलाह लेने से स्थिति स्पष्ट होगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी, खासकर बाहर की भागदौड़ से बचना बेहतर रहेगा।

सिंह राशि वालों के लिए दिन की शुरुआत कुछ भारीपन के साथ हो सकती है। मानसिक तनाव या चिंता के कारण एकाग्रता प्रभावित हो सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और पारिवारिक माहौल सुखद बनेगा।

कन्या राशि के जातकों के लिए यह दिन संयम और धैर्य की मांग करेगा। नए कार्यों या लंबी यात्राओं को फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। मानसिक रूप से आप अंतर्मुखी रह सकते हैं और आध्यात्मिक विषयों की ओर झुकाव बढ़ सकता है। क

तुला राशि वालों के लिए मंगलवार का दिन सकारात्मक शुरुआत के साथ आएगा। नया काम शुरू करने या किसी योजना पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं और किसी अहम मीटिंग से फायदा हो सकता है। व्यापार विस्तार के लिए यात्रा की संभावना भी बन सकती है।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह दिन बौद्धिक गतिविधियों और योजनाओं में व्यस्त रहने वाला है। धन से जुड़े मामलों में समय अनुकूल है और व्यापार में लाभ मिलने की संभावना है। दोपहर के बाद मित्रों या रिश्तेदारों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है, इसलिए दिनचर्या पर ध्यान दें।

धनु राशि वालों को मंगलवार को स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम न मिलने से निराशा हो सकती है। यात्रा से बचना हितकर रहेगा। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा।

मकर राशि के जातकों के लिए यह दिन भावनाओं पर नियंत्रण रखने का है। जमीन-जायदाद या दस्तावेजों से जुड़े मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। मानसिक चिंता बनी रह सकती है, इसलिए धैर्य से काम लें। संतान या परिवार से जुड़ी किसी बात को लेकर मन व्यस्त रहेगा। अधिकारियों या प्रशासन से बातचीत में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। यात्रा की योजना फिलहाल टालना बेहतर रहेगा।

कुंभ राशि वालों के लिए दिन नए विचारों और योजनाओं से भरा रहेगा। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेने से पहले रुककर सोचने की जरूरत होगी। कार्यस्थल पर पुराने अधूरे काम निपटाने पर ध्यान जाएगा। रचनात्मक या साहित्य से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में बदलाव आएगा, लेकिन मन में भ्रम बना रह सकता है।

मीन राशि के जातकों के लिए मंगलवार को आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। खर्च बढ़ने से चिंता हो सकती है और आय बढ़ाने के नए विकल्पों पर विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कड़ी रहेगी और विरोधी सक्रिय रह सकते हैं। वाणी और व्यवहार में संयम रखना आपके लिए फायदेमंद रहेगा। स्वास्थ्य को नजरअंदाज करना नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए दिनचर्या पर ध्यान दें। परिवार के सदस्यों की भावनाओं को समझना और सम्मान देना जरूरी रहेगा।

# विकसित भारत के अग्रदूतों के भविष्य को संवारना

//धर्मेंद्र प्रधान//

**इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा  का आयोजन भारत की शिक्षा यात्रा में शांत लेकिन निर्णायक परिवर्तन को रेखांकित करता है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में परिकल्पित यह पहल, जो 2018 में एक एकल वार्षिक संवाद के रूप में प्रारंभ हुई थी, आज स्वाभाविक रूप से एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। अब यह एक राष्ट्रव्यापी सामूहिक प्रयास बन गई है, जिसमें विद्यार्थियों के समग्र कल्याण को केंद्र में रखा गया है और माता-पिता व शिक्षक इस साझा उत्तरदायित्व के सक्रिय सहभागी हैं। इस वर्ष की सहभागिता का पैमाना इस पहल की गहराई को दर्शाता है। 4.5 करोड़ से अधिक पंजीकरणों के साथ परीक्षा पे चर्चा, पूर्व गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए अब जन-संपर्क से आगे बढ़कर सामूहिक स्वामित्व की एक महत्वपूर्ण अवस्था में प्रवेश कर चुकी है। यह अभूतपूर्व सहभागिता सक्षम वातावरण निर्मित करने के सामूहिक संकल्प को प्रतिबिंबित करती है, जहाँ प्रत्येक बच्चा सीख सके, विकसित हो सके और सही मायनों में फल-फूल सके।**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का शिक्षा, अध्ययन और परीक्षा से जुड़े तनाव जैसे विषयों पर विद्यार्थियों के साथ संवाद सहानुभूति, व्यवहारिकता और प्रेरक नेतृत्व का विशिष्ट समन्वय प्रस्तुत करता है। सरलता, अनुशासन, आशावाद और मानव क्षमता में गहरी आस्था से परिपूर्ण उनके व्यक्तित्व ने लाखों बच्चों के मन पर गहरा और स्थायी प्रभाव अंकित किया है। औपचारिक प्रोटोकॉल की जटिलताओं से परे जाकर विद्यार्थियों से मार्गदर्शक, मेंटर और शुभचिंतक के रूप में जुड़ने की सहज क्षमता प्रधानमंत्री को विशिष्ट बनाती है। उनकी संवादात्मक, कथात्मक और आत्मीय शैली विद्यार्थियों को यह अनुभव कराती है कि उनकी बातें सुनी और समझी जा रही हैं। वे गर्मजोशी, हास्य और प्रामाणिकता के साथ संवाद करते हैं तथा अक्सर अपने जीवन के अनुभवों से उदाहरण लेकर धैर्य, एकाग्रता और आत्मबल जैसे व्यापक जीवन मूल्यों को सरलता से प्रस्तुत करते हैं। यह व्यक्तिगत स्पर्श परीक्षा से जुड़े दबावों को सहज बनाते हुए आश्वस्त और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करता है, जहाँ विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ सीखने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं।  इस प्रयास के केंद्र में एक सरल किंतु अत्यंत सशक्त सत्य निहित है: हर बच्चा विशिष्ट है। प्रत्येक बच्चा अलग तरह से सीखता है, अपनी गति से आगे बढ़ता है और अपने भीतर ऐसी प्रतिभाएँ समेटे होता है, जिन्हें अंकों या रैंक तक सीमित नहीं रखा जा सकता।

परीक्षाएँ अपनी प्रकृति के अनुसार, बच्चे की क्षमता के सीमित पहलू को ही दर्शाती हैं। समग्र व्यक्तित्व के निर्माण के माध्यम से ही उसकी वास्तविक सृजनात्मकता और उत्कृष्टता का विकास होता है। कोई बच्चा गणित में उत्कृष्टता दिखा सकता है, कोई कलात्मक कल्पना में निपुण हो सकता है, और कोई करुणा के साथ संवेदनशील चिकित्सक बनने की क्षमता रखता है। ये भिन्नताएँ किसी तरह की कमी नहीं हैं; बल्कि यही विविध, सशक्त और नवोन्मेषी समाज की आधारशिला हैं।

यह दर्शन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के मूल में निहित है। इसके ढाँचे के अंतर्गत शिक्षण-पद्धतियों, पाठ्यक्रमों और मूल्यांकन प्रणालियों को एक वास्तविक बाल-केंद्रित दृष्टिकोण के अनुरूप पुनर्गठित किया जा रहा है, जहाँ शैक्षणिक अध्ययन के साथ-साथ सृजनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, शारीरिक स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों के संवर्धन पर विशेष बल दिया गया है। प्रारंभिक वर्षों में खेल-आधारित शिक्षण पर इसका जोर इस तथ्य को स्वीकार करता है कि जिज्ञासा और आनंद ही आजीवन सीखने की सबसे सशक्त आधारशिलाएँ हैं।

शिक्षा के आरंभिक वर्षों में मातृभाषा में शिक्षा देने का उद्देश्य बच्चों को अवधारणाओं की बेहतर समझ प्रदान करना है, जबकि बहुभाषिकता पर दिया गया बल ऐसी पीढ़ी के निर्माण की परिकल्पना करता है जो अपनी सांस्कृतिक और भाषायी जड़ों के प्रति विश्वास रखती हो तथा भारतीय ज्ञान परंपराओं को वैश्विक मंच पर आगे बढ़ाने में सक्षम हो। मूल्यांकन संबंधी सुधार भी इसी उद्देश्य को प्रतिबिंबित करते हैं। पहली बार कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाएँ अब वर्ष में दो बार आयोजित की जाएँगी, जिससे विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन में सुधार के लिए अधिक लचीलापन मिलेगा और उच्च-दबाव वाली एकल परीक्षा से जुड़ा तनाव कम होगा। 360-डिग्री समग्र प्रगति कार्ड लागू किए गए हैं, जो केवल बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों का ही आकलन नहीं करते, बल्कि उसके सामाजिक-भावनात्मक और शारीरिक विकास को भी समग्र रूप से दर्ज करते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि तंदुरुस्ती सीखने का अभिन्न अंग है, प्रत्येक सीबीएसई विद्यालय में सामाजिक-भावनात्मक परामर्शदाताओं की नियुक्ति अनिवार्य की गई है, जो विद्यार्थियों को शैक्षणिक और भावनात्मक तनाव के प्रबंधन में निरंतर सहयोग प्रदान करेंगे। अंत में, हमारे समक्ष उत्तरदायित्व स्पष्ट है–बच्चों को किसी एक साँचे में ढलने के लिए विवश नहीं करना चाहिए, बल्कि प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट क्षमताओं को पहचानना, उनका समर्थन करना और उन्हें सुदृढ़ बनाना चाहिए।

आज की शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों, परीक्षाओं और रटने तक सीमित नहीं रह गई है। समग्रता से सीखने पर स्पष्ट रूप से ध्यान दिया जा रहा है। यह भली-भाँति समझा जा चुका है कि केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता विद्यार्थियों को 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार नहीं करती। चिंता, भय या भावनात्मक तनाव के बोझ तले बच्चे सार्थक रूप से नहीं सीख सकते। भारत की सभ्यतागत परंपराएँ इस स्थिति से निपटने के लिए पूर्ण जागरूकता या माइंडफुलनेस, प्राणायाम  और योग  जैसे स्थायी साधन प्रदान करती हैं। ये अभ्यास बच्चों को अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं और एकाग्रता, शांति और लचीलेपन का निर्माण करते हैं। परीक्षा की तैयारी में सहायक होने के अलावा, ये अभ्यास जीवन कौशल विकसित करते हैं जो कक्षा के परे भी काम आते हैं–ताकि शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ भावनात्मक बुद्धिमत्ता, प्रकृति के साथ संतुलन और आंतरिक जागरूकता को भी सुदृढ़ बनाया जा सके।

फिर भी, हमें आज की एक विशिष्ट आधुनिक चुनौती–अत्यधिक डिजिटल उपयोग और स्क्रीन टाइम का सामना करना है । लंबे समय तक लगातार डिजिटल उपकरणों के संपर्क में रहने से ध्यान की क्षमता कम होती है, नींद में बाधा आती है और मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है। लगातार कनेक्टिविटी, ऑनलाइन तुलना और डिजिटल अतिप्रेरणा का दबाव अक्सर परीक्षा के तनाव को बढ़ा देता है और उस माइंडफुलनेस को कमजोर कर देता है, जिसे हम बच्चों में विकसित करना चाहते हैं। यहीं पर माता-पिता और शिक्षक मिलकर भूमिका निभा सकते हैं। उपकरणों के उपयोग के लिए सुरक्षित सीमाएँ तय करके, साथ ही शारीरिक गतिविधियों, सृजनात्मक प्रयासों और पारिवारिक संवाद जैसे विकल्पों के प्रति प्रोत्साहित करके हम पुनः संतुलन स्थापित कर सकते हैं। विकसित भारत  के लिए सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता आवश्यक है। जब बच्चे अपनी विशिष्ट क्षमताओं को खोजने और उनका विकास करने के लिए स्वतंत्र होते हैं, तो राष्ट्र सृजनात्मकता, समावेशिता और सामूहिक प्रगति के माध्यम से आगे बढ़ता है।  कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस युग में जिज्ञासा और समस्या-समाधान के बीच का फासला घट गया है। शिक्षकों, माता-पिता और संरक्षकों के रूप में हमारे लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि बच्चे इस खोज में सक्षम बन सकें। इसके लिए आवश्यक है कि बच्चों को सही उपकरण, स्पष्ट सुरक्षा प्रदान की जाए तथा प्रयोग करने, नवाचार करने  यहाँ तक कि असफल होने तक  की स्वतंत्रता देते हुए उनका निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग किया जाए। आज के बच्चे विकसित भारत 2047 के अग्रदूत हैं। जो बच्चे निर्भय होकर सीखते हैं, आत्मविश्वास के साथ नवाचार करते हैं, और अपनी सांस्कृतिक जड़ों में स्थिर रहते हुए दुनिया से जुड़ते हैं, वे ही वर्तमान में विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं। ऐसे बच्चों का समर्थन एक ऐसी शिक्षा प्रणाली के माध्यम से किया जाना चाहिए, जो मन, हृदय और हाथ–तीनों के विकास पर केंद्रित हो; एक ऐसी प्रणाली जो प्रतिभा का उत्सव मनाए, उद्देश्य को पोषित करे, और उन्हें सार्थक जीवन के लिए तैयार करे। यही है परीक्षा पे चर्चा  की भावना:  बच्चों को भय से मुक्त करना और उन्हें भारत:2047 के लिए आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में तैयार करना।

# सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव: क्या बदला है और यह क्यों ज़रूरी है

//सौरभ गर्ग //

**महंगाई देश के सबसे अहम आर्थिक संकेतकों में से एक है, जिसे आम लोग रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सीधे महसूस करते हैं, जैसे घर का राशन, किराया और पेट्रोल-डीज़ल के खर्च में बढ़ोतरी से। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई)  इसी महंगाई को मापता है। यह उन चीज़ों और सेवाओं के दाम देखता है, जिनका इस्तेमाल आम परिवार रोज़ करता है। सरल शब्दों में, सीपीआई आम आदमी की ज़िंदगी का आईना है। यह बताता है कि थाली में खाने का खर्च कितना बढ़ा, घर का किराया कितना हुआ, और काम पर जाने के लिए ईंधन कितना महंगा हुआ।**

सीपीआई भले ही एक आंकड़ा लगता हो, लेकिन यह सरकार को यह समझने में मदद करता है कि लोगों पर महंगाई का असली असर क्या है। इसी आधार पर वेतन, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े फैसले किए जाते हैं, ताकि ज़रूरी चीजें आम लोगों की पहुंच में बनी रहें।

भारतीय रिज़र्व बैंक भी ब्याज दर और महंगाई को नियंत्रित करने जैसे फैसलों के लिए सीपीआई आधारित महंगाई को ही सबसे मुख्य पैमाना मानता है। इसलिए जब सीपीआई ज़मीन की हकीकत सही तरीके से दिखाता है, तब सरकार और आरबीआई की नीतियाँ भी लोगों की असली परेशानियों के अनुसार बेहतर बन पाती हैं।महंगाई सिर्फ दाम बढ़ने का नाम नहीं है, बल्कि यह भी है कि दामों में बदलाव से घर के बजट पर कितना असर पड़ता है। इसलिए जितना ज़रूरी दामों को मापना है, उतना ही ज़रूरी यह भी है कि महंगाई का सूचकांक लोगों की आज की खर्च करने की आदतों को सही तरीके से दिखाए। इसी संदर्भ में भारत में सीपीआई के आधार वर्ष को 2012 से बदलकर 2024 किया जा रहा है।पिछली बार आधार बदले जाने के बाद देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बदलाव आया है। शहरों की आबादी बढ़ी है, सेवाओं का क्षेत्र बढ़ा है, डिजिटल प्लेटफॉर्म के कारण खरीदारी का तरीका बदला है और घरों का खर्च अब कई नई चीजों पर होने लगा है। इसीलिए नया सीपीआई 2024 तैयार करने में 2023-24 के घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। समय के साथ लोगों की ज़रूरतें और खर्च बदलते हैं, इसलिए सीपीआई में अलग-अलग वस्तुओं और सेवाओं को दी जाने वाली अहमियत भी बदली गई है। जिन चीजों पर अब परिवार ज़्यादा खर्च करते हैं, उन्हें सीपीआई में ज़्यादा महत्व दिया गया है, और जिन पर खर्च कम हो गया है, उन्हें कम महत्व दिया गया है।

इससे सीपीआई वही महंगाई दिखाता है, जो सच में आम परिवार के बजट को प्रभावित करती है। साथ ही, उपभोग की टोकरी (कंजम्पशन बास्केट) को भी बदला गया है, ताकि सेवाओं पर बढ़ते खर्च जैसे नए रुझान दिखाई दे सकें, जो बढ़ती आय और बदलती जीवनशैली की वजह से बढ़ रहे हैं। सीपीआई को मापने का तरीका अपडेट करना भी उतना ही ज़रूरी है, जितना यह तय करना कि उसमें क्या-क्या शामिल किया जाए।

नया संशोधित सीपीआई अब अंतरराष्ट्रीय मानकों के ज्यादा करीब है, लेकिन इसमें भारत से जुड़ी खास बातें भी बनी हुई हैं। इससे भारत की महंगाई की तुलना दूसरे देशों से करना आसान हो जाता है।

आम परिवार के लिए इसका मतलब यह है कि सरकार और नीति बनाने वाले लोग यह बेहतर समझ पाते हैं कि भारत में दामों में होने वाला बदलाव दुनिया के हालात से कैसे जुड़ा है, और साथ ही यह भी ध्यान रहता है कि रोज़मर्रा की ज़िंदगी पर क्या असर पड़ रहा है।

सीपीआई के लिए आंकड़े जुटाने का तरीका भी अब लोगों की बदलती खरीदारी और खर्च की आदतों के अनुसार बेहतर बनाया गया है। जहां पहले की तरह बाजारों से दाम इकट्ठा किए जाते रहेंगे, खासकर खाने-पीने और ज़रूरी चीज़ों के, वहीं 2024 के नए ढांचे में अब कुछ सेवाओं के ऑनलाइन दाम भी शामिल किए जा रहे हैं। जैसे मोबाइल और इंटरनेट सेवाएं, हवाई टिकट और कुछ अन्य सेवाओं के दाम अब ऑनलाइन स्त्रोतों से भी लिए जाएंगे। नई सीपीआई श्रृंखला में अब कंप्यूटर की मदद से दाम इकट्ठा किए जा रहे हैं। इससे हाथ से होने वाली गलतियाँ कम हुई हैं और तुरंत जाँच भी हो जाती है। इससे दामों से जुड़े आंकड़ों की गुणवत्ता और समय पर उपलब्धता  दोनों बेहतर हुई हैं। सीपीआई के आंकड़े सही और समय पर मिलना बहुत ज़रूरी है, क्योंकि इसी के आधार पर ऐसे फैसले होते हैं, जो सीधे आम आदमी की ज़िंदगी को प्रभावित करते हैं, जैसे कर्ज कितना महंगा होगा, बचत पर कितना ब्याज मिलेगा, और बढ़ती महंगाई से घर का बजट कैसे प्रभावित होगा।

नए आधार वर्ष की सीपीआई  में अब कई मामलों में सरकारी स्त्रोतों से मिलने वाले आधिकारिक आंकड़ों का ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है। जैसे रेल किराया, डाक शुल्क, ईंधन के दाम और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बिकने वाली चीजें। इससे इन दामों को पहले से ज्यादा सही तरीके से दर्ज किया जा रहा है और बाजार सर्वे में होने वाली गलती या पक्षपात की संभावना भी कम हो जाती है।

अब सर्वे के आंकड़े, सरकारी रिकॉर्ड और डिजिटल माध्यमों से मिलने वाले दाम, तीनों को मिलाकर सीपीआई तैयार की जा रही है। यह पुरानी व्यवस्था की तुलना में बड़ा सुधार है और इससे दामों में होने वाले बदलाव की ज्यादा भरोसेमंद तस्वीर मिलती है।

इतने बड़े स्तर पर सीपीआई के आधार वर्ष में बदलाव करना एक बहुत बड़ा संस्थागत प्रयास होता है। इसमें देश भर के फील्ड दफ्तरों, सांख्यिकी विभागों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ संस्थाओं के बीच तालमेल जरूरी होता है। इस पूरी प्रक्रिया में मेथडोलॉजी की गहराई से जाँच की जाती है, अलग-अलग विकल्पों को परखा जाता है और अर्थशास्त्रियों व विषय-विशेषज्ञों से सलाह ली जाती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने विशेषज्ञ समूहों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और अन्य संबंधित पक्षों से बातचीत की है, ताकि किए गए बदलाव साफ, समझने में आसान और वैज्ञानिक रूप से सही हों।

टोकरी, वेटेज और आंकड़ों के स्रोत बदलने के बाद भी सीपीआई का मूल उद्देश्य वही रहता है-यानी एक परिवार की नज़र से दामों में होने वाले बदलाव को दिखाना। यह निरंतरता इसलिए ज़रूरी है, ताकि हम समय के साथ महंगाई की तुलना कर सकें।

सीधे शब्दों में, सीपीआई को बेहतर बनाया जा रहा है, लेकिन उसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी से जोड़कर ही रखा गया है, ताकि वह नीति बनाने वालों के लिए एक भरोसेमंद मार्गदर्शक बना रहे। सीपीआई हमें यह याद दिलाता है कि हर आंकड़े के पीछे करोड़ों लोगों की असली ज़िंदगी छिपी होती है। आखिरकार, आंकड़े लोगों के लिए ही होते हैं। यह चुपचाप यह दिखाता है कि दामों में बदलाव हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी को कैसे प्रभावित करता है और सरकार की नीतियों को दिशा देता है।

आधार वर्ष में चल रहे संशोधन के ज़रिये सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने यह सुनिश्चित किया है कि सीपीआई सही, समय के अनुसार अपडेट और लंबे समय तक एक-जैसे तरीके से मापा गया रहे। ताकि सीपीआई सिर्फ एक संख्या न होकर, पूरे देश के लोगों की असली ज़िंदगी की सच्चाई दिखाने वाला आईना बना रहे।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में 7, लोक कल्याण मार्ग पर परीक्षा पे चर्चा 2026 में छात्रों से बातचीत करते हुए।



सड़क परिवहन और राजमार्ग और कॉर्पोरेट मामलों के रा%य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने नई दिल्ली में ट्रांसपोर्ट भवन में केंद्रीय बजट 2026-27 पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा 2026 के 9वें एडिशन के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए।




मणिपुर के मुख्यमंत्री युमनाम खेमचंद सिंह, बाएं, इंफाल में श्री बिजोय गोविंदाजी मंदिर में पूजा करते हुए।



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दिल्ली में असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधान सभाओं के आम चुनाव - 2026 के लिए ऑब्ज़र्वर ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए।



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू दौरे के दूसरे दिन भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित गुरनाम और बोबिया बीओपी का दौरा किया।



कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर, ट्रेन में कथित तौर पर बिजली का फ्यूज उड़ने के बाद धुआं निकलने पर यात्री मेट्रो ट्रेन के बाहर जमा हो गए।

# बिहार की सियासत गरम: गिरफ्तारी, बिगड़ी तबीयत... IGIMS से PMCH में शिफ्ट

## कोर्ट की दहलीज पर सांसद पप्पू यादव



**पटना, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

पटना में पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव की गिरफ्तारी ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है। 32 साल पुराने एक मामले में पुलिसिया कार्रवाई के बाद न सिर्फ विपक्ष ने सवाल उठाए हैं, बल्कि सांसद की बिगड़ती सेहत भी पूरे घटनाक्रम को संवेदनशील बना रही है। गिरफ्तारी के बाद रात भर चले हाई-वोल्टेज घटनाक्रम ने इस मामले को कानून से आगे सियासत के केंद्र में ला दिया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस सबसे पहले सांसद को IGIMS लेकर गई, जहां से आज सुबह उन्हें PMCH शिफ्ट किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बीती रात पटना स्थित आवास से सांसद पप्पू यादव को हिरासत में लिया। सांसद ने आरोप लगाया कि गिरफ्तारी के समय कई पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में थे, जिससे प्रक्रिया पर सवाल खड़े होते हैं। पप्पू यादव ने अपनी खराब तबीयत का हवाला देते हुए गिरफ्तारी का विरोध भी किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस सबसे पहले सांसद को IGIMS लेकर गई, जहां से आज सुबह उन्हें PMCH शिफ्ट किया गया। पप्पू यादव के आधिकारिक फेसबुक पेज और उनके निजी सचिव ने दावा किया कि IGIMS में उन्हें पूरी रात बेड नहीं मिला और स्ट्रेचर पर रखा गया।

इलाज में लापरवाही के आरोपों ने मामले को और तूल दे दिया है। सांसद के समर्थकों और उनके सचिव ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि नीट छात्रा के समर्थन में आवाज उठाने की वजह से पप्पू यादव को निशाना बनाया जा रहा है।

यहां तक कहा गया कि उनके साथ साजिशन व्यवहार किया जा रहा है, जिससे उनकी जान को खतरा हो सकता है। पप्पू यादव के अधिवक्ता शिवनंदन भारती ने पुलिस की कार्रवाई को कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण बताया है। उनका कहना है कि 1995 के मामले में सांसद पहले ही जमानत पर थे। बेल टूटने के बाद पुलिस ने नोटिसों को जानबूझकर दबाया और बिना धारा 82 की प्रक्रिया पूरी किए सीधे धारा 83 के तहत कुर्की और गिरफ्तारी की गई, जो कानून के खिलाफ है।

## हीरा कारोबार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी, संगठित गिरोह का पर्दाफाश, दुबई तक नेटवर्क

**जीरकपुर।** हीरा कारोबार के नाम पर एक करोड़ 80 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। इस संगठित गिरोह का नेटवर्क दुबई तक फैला हुआ है। जीरकपुर थाना पुलिस ने लंबी जांच के बाद दुबई और भारत में सक्रिय बताए जा रहे वरम एक्सपोर्ट्स कंपनी से जुड़े कई आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले संगठित आर्थिक अपराध गिरोह की अब पुलिस परतें खोलेगी। ढकोली स्थित मोतिया हाइट्स में रहने वाले रियल एस्टेट कारोबारी रमेश कुमार की शिकायत पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ा दी है।वर्ष 2023 में रियल एस्टेट व्यवसाय के दौरान रमेश की मुलाकात सोनू चौहान नामक महिला से हुई। सोनू ने खुद को पंजाब में वरम एक्सपोर्ट्स की प्रतिनिधि बताया और कंपनी के निदेशक बताए जा रहे अंकुश शर्मा, उनकी पत्नी उमा शर्मा, रमेश किरुबलानी और राम प्रवीण कंगराज से रमेश व उसके सहयोगियों की मुलाकात करवाई।

## पाकिस्तान से लश्कर आतंकी की गीदड़भभकी

# दिल्ली को दहलाएंगे आगरा को आग लगाएंगे



**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकी सैयद अब्दुल रहमान नकवी ने दिल्ली-आगरा और ढक्कन समेत भारत के दूसरे बड़े शहरों पर हमले की खुली धमकी दी है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी द्वारा हमले की यह धमकी उसकी बौखलाहट को दर्शाता है। दरअसल, तथाकथित कश्मीर सॉलिडैरिटी डे पर जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में सार्वजनिक रैलियां की। इस दौरान उसने भारत को लेकर भड़काऊ बयान दिया और भारत के बड़े शहरों में हमले की धमकी दी।

क्या बोला आतंकी सैयद अब्दुल ने भारत को लेकर विवादित बयान देते हुए कहा, कश्मीर को आजाद कराने का आपका, यानी मरकजी मुस्लिम लीग का होगा, जिनकी तारीख गवाह है कुर्बानियों की और इंशाअल्लाह अपने बुजुर्गों की वसीयतें भी याद हैं। जिन्होंने कहा था, हम अखंड भारत को खंड खंड कर देंगे। हम आगरा को आग लगाएंगे। हम दक्कन को दहकाएंगे। हम दिल्ली को दहलाएंगे। और इंशाअल्लाह हम अपनी बुजुर्गों की उन वसीयतों पर आज भी कायम हैं। ज्ञात हो कि सैयद अब्दुल रहमान नकवी लश्कर के मुखौटा संगठन मिल्ली मुस्लिम लीग का नेता है। इस लश्कर आतंकी को हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद का करीबी सहयोगी बताया जाता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बस्तर पंडुम 2026 का किया शुभारंभ







**जगलपुर, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बस्तर पंडुम 2026 का शुभारंभ किया। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम हैं। पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है। राष्ट्रपति अपने दौरे के दौरान बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, परंपरा और लोककलाओं को नजदीक से देखेंगी। आयोजन स्थल पर विशाल और भव्य मंच तैयार किया गया है। मंच और परिसर को आदिवासी कला, पारंपरिक प्रतीकों, रंगों से संवारा गया है। जिससे बस्तर की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत रूप में पेश किया जा सके। बस्तर पंडुम के तहत कई जनजातियों के पारंपरिक नृत्य, लोकगीत, वाद्ययंत्र, वेशभूषा और रीति-रिवाजों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। राष्ट्रपति के स्वागत, सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और कार्यक्रम संचालन को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह मुस्तैद है। वहीं, आज शाम को ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी रायपुर आएंगे। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भव्य स्वागत हुआ, सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर राष्ट्रपति का हार्दिक स्वागत...मां दंतेश्वरी की पावन, ऐतिहासिक एवं आस्था से परिपूर्ण धरती पर भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन है।

वहीं मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति मुर्मू का राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आत्मीय स्वागत किया। आपका यह आगमन बस्तर अंचल सहित समस्त छत्तीसगढ़ के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का क्षण है।

आदिवासी संस्कृति, परंपरा और समृद्ध विरासत से सुसज्जित इस पावन क्षेत्र में आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रदेश के विकास, जनजातीय अस्मिता और नई संभावनाओं को और अधिक सशक्त करने का मार्ग प्रशस्त करेगी। बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से आपका सादर अभिनंदन एवं हार्दिक स्वागत।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर कैंटर ने कई लोगों को कुचला, 6 की मौत



**मथुरा 06 फरवरी।** यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह लघुशंका करने बस से उतरे यात्रियों को तेज रफ्तार कैंटर ने रौंद दिया। घटनास्थल पर ही छह यात्रियों की मृत्यु हो गई, आधा दर्जन यात्री घायल हो गए, इनमें एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह करीब पौने तीन बजे की है।दिल्ली के नांगलोई से कानपुर देहात के रसूलाबाद जा रही स्लीपर कोच बस सुरीर थाना क्षेत्र के माइल स्टोन 88 के पास यात्रियों को लघुशंका कराने के लिए रुकी। चालक ने बस ग्रीन जोन में न रोककर रास्ते में ही बस रोक दी। यात्री बस से लघुशंका के लिए नीचे उतरे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कैंटर ने बस में टक्कर मारी और फिर नीचे खड़े यात्रियों को रौंद दिया। मौके पर ही औरैया के एरवा कटरा निवासी सोनू, बस्ती जिले के अलेवल गांव निवासी देवेश,कन्नौज के गढ़े का पुरवा निवासी अस्लम, औरैया के दिबियापुर नीवासी अनुराग, दिल्ली के प्रेम नगर निवासी संतोष व फिरोजाबाद के बड़गांव जसराना निवासी प्रमोद की मृत्यु हो गई। हादसे में औरैया के बेला निवासी शिवकांत दुबे समेत छह लोग घायल हो गए। शिवकांत की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य का प्राथमिक उपचार करने के बाद घर भेज दिया गया। हादसे के बाद एक्सप्रेसवे पर जाम लग गया, क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर रास्ता खुलवाया गया।

## बीजेपी की रितु तावड़े होंगी बीएमसी की मेयर, शिवसेना को मिला डिप्टी मेयर का पद



**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

बीएमसी चुनाव में जीत के बाद अब मेयर को लेकर जारी सस्पेंस खत्म हो गया है। मुंबई की मेयर बीजेपी की रितु तावड़े होंगी। जबकि डिप्टी मेयर शिवसेना के संजय घाड़ी होंगे। मुंबई मेयर चुनाव के लिए बीजेपी ने पार्षद रितु तावड़े को मैदान में उतारा है, वहीं शिवसेना ने डिप्टी मेयर पद के लिए संजय घाड़ी को नामित किया है। बीएमसी चुनाव परिणामों में बीजेपी ने 89 सीटें जीती हैं, वहीं शिंदे गुट की शिवसेना को 29 सीटें मिली हैं। इस तरह इस गठबंधन ने बहुमत का आकड़ा पार कर लिया। बीएमसी चुनाव में मिली जीत के बाद मेयर को लेकर जारी सस्पेंस आज खत्म हो गया है। बीएमसी मेयर पद के लिए बीजेपी ने रितु तावड़े का नाम फाइनल कर लिया है। रितु तावड़े का नाम बीएमसी मुख्यालय में बीजेपी पार्षदों की हुई अंतिम रणनीति बैठक में तय हुआ है। 40 वर्षों में यह पहला ऐसा मौका है, जब मुंबई में बीजेपी का मेयर बनने जा रहा है।

## तेज रफ्तार का कहर: शिवहर-मधुबन हाइवे पर बोलेरो ने वृद्ध को कुचला, मौत के बाद उग्र प्रदर्शन



**शिवहर।** शिवहर-मधुबन हाइवे पर शनिवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 60 वर्षीय वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना श्यामपुर भटहा थाना क्षेत्र अंतर्गत जहांगीरपुर-पहाड़पुर मोड़ के पास हुई, जहां तेज रफ्तार बालेरो वाहन ने सड़क पार कर रहे वृद्ध को रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वृद्ध ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान जहांगीरपुर पंचायत के पहाड़पुर वार्ड संख्या 12 निवासी कपिल देव ठाकुर (60) के रूप में की गई है। बताया गया कि कपिल देव ठाकुर एक सैलून में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। रोज़ की तरह शनिवार सुबह करीब सात बजे वह घर से निकले थे, लेकिन कुछ ही देर में यह हादसा उनकी जिंदगी लील गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बालेरो वाहन तेज रफ्तार में मधुबन की ओर जा रहा था। हादसे के बाद चालक बिना रुके वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और गुस्से में आ गए। चालक की लापरवाही और प्रशासनिक उदासीनता को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखा गया।घटना से आक्रोशित लोगों ने शव को सड़क पर रखकर शिवहर-मधुबन हाइवे को जाम कर दिया। पहाड़पुर के पास घंटों यातायात ठप रहा। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और दोषी चालक की गिरफ्तारी तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की।हाइवे जाम रहने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बस, ट्रक और निजी वाहनों सहित सैकड़ों वाहन घंटों फंसे रहे।

यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, वहीं छोटे बच्चों और बुजुर्गों को भी कठिनाई झेलनी पड़ी। सूचना मिलने पर श्यामपुर भटहा थानाध्यक्ष सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत और कार्रवाई व मुआवजे के आश्वासन के बाद लोगों को शांत कराया गया, तब जाकर हाइवे से जाम हटाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कपिल देव ठाकुर की मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वह घर के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस फरार वाहन और चालक की तलाश में जुट गई है।

## कौवों की मौत के बाद बर्ड फ्लू का अलर्ट लोगों को सावधानी बरतने की सलाह



**चेन्नई 07 फरवरी।** तमिलनाडु के पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग ने बर्ड फ्लू को फैलने से रोकने के लिए बायोसिक्योरिटी और एहतियाती उपायों के बारे में एडवाइजरी जारी की है। बड़े पैमाने पर कौवों की मौत की खबरों और एवियन इन्फ्लूएंजा फैलने की आशंका के बीच विभाग ने यह कदम उठाया है। जन स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशालय (डीपीएच) ने एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संचार भी जारी किया है, जिसमें लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने का आग्रह किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों को सलाह दी है कि अगर उनमें खांसी, जुकाम, बुखार या सांस लेने में दिक्कत जैसे फ्लू जैसे लक्षण दिखें, खासकर उन लोगों को जो पक्षियों के संपर्क में आए हों, तो तुरंत मेडिकल मदद लें।

## भोपाल-बैतूल हाईवे पर रेलिंग तोड़कर नहर में गिरी कार, तीन लोगों की मौत



**भोपाल, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले के इटारसी में शुक्रवार देर रात दर्दनाक हादसा हुआ। यहां एक कार रेलिंग तोड़कर सीधे पथारौटा नहर में गिर गई। इस घटना के तुरंत बाद SDRF की टीमें मौके पर पहुंची। अब तक तीन शव बरामद किए गए हैं। आगे की जांच जारी है। टाउन इंस्पेक्टर संजीव सिंह ने बताया कि कल रात इटारसी में पुराने भोपाल-बैतूल नेशनल हाईवे पर पथरोटा नहर पुल के पास एक कार नहर में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई।टाउन इंस्पेक्टर संजीव सिंह ने बताया कि हमें रात करीब 12 बजे सूचना मिली कि एक कार पथरोटा नहर में गिर गई है। SDRF की टीमें मौके पर पहुंचीं और तीन शव बरामद किए गए हैं... आगे की जांच जारी है...इस घटना को लेकर SDRF प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित ने बताया कि बचाव अभियान में लगभग 1-1.5 घंटे लगे, क्योंकि कार नहर में काफी गहराई तक डूब गई थी। उन्होंने बताया कि गाड़ी में मिले एक पहचान पत्र पर लकी पटेल नाम लिखा है। इसके अलावा, उन्होंने घटना के संभावित कारणों के रूप में स्टीयरिंग फेलियर या नशे में ड्राइविंग का नाम लिया। अमृता दीक्षित ने बताया कि हमें पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि पथरोटा में एक कार नहर में गिर गई है।

मौके पर पहुंचने पर हमने देखा कि कार पूरी तरह डूब गई थी, फिर भी उसकी लाइटें दिख रही थीं। हमने ट्रैक्टर की मदद से कार को बाहर निकाला और उसमें से तीन शव बरामद किए। मृतकों में से एक, लकी पटेल की पहचान कार में मिले आईडी कार्ड से हुई है। बचाव अभियान में लगभग 1-1.5 घंटे लगे। यह स्टीयरिंग फेलियर या शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला हो सकता है। घटना की जांच जारी होने के कारण और जानकारी का इंतजार है।

## कोयला खदान हादसा: आठ घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया

**शिलांग। मेघालय के ईस्ट जैंतिया हिल्स ज़िले में एक गैर-कानूनी कोयला खदान में डायनामाइट धमाके में जलने के बाद कम से कम आठ लोगों को शिलांग के दो अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।**

स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, घायलों में से सात का इलाज नॉर्थ ईस्टर्न इंदिरा गांधी रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज में चल रहा है, जबकि एक व्यक्ति को यहां नाज़रेथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सात पीड़ितों की पहचान शैंकी शायला, देब मालाकार, कोरना, बोम मगर, ललित मगर, जमील अहमद और नोर बहादुर के तौर पर हुई है।

घायलों का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने कहा कि उन सभी को सेकंड-डिग्री बर्न इंजरी हुई है और वे अभी मेडिकल निगरानी में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, हालांकि उन्हें स्पेशल केयर मिल रही है। मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हुई शुक्रवार को, पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे उस गैर-कानूनी कोयला खदान के मालिक हैं, जहां एक ज़ोरदार धमाके में कम से कम 25 लोगों की जान चली गई।

## मैनपुरी में हाईटेंशन लाइन से टकराकर डंपर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान



**मैनपुरी।** बिछ्वां क्षेत्र के गांव जगतपुर में शनिवार सुबह आठ बजे के करीब मोड़ते समय डंपर हाईटेंशन लाइन पोल से टकरा गया। तभी लाइन से निकली चिंगारी के कारण डंपर में आग लग गई। देखते ही देखते डंपर धू-धू कर जलने लगा तो चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे के बाद एकत्र हुए ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, कामयाबी नहीं मिल सकी। सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डंपर पूरी तरह से जल गया। बिछ्वां क्षेत्र के गांव जगतपुर के निकट सूरजपुर बारखेड़ा मार्ग पर डामरीकरण कार्य चल रहा है, जिसके लिए शनिवार सुबह आठ बजे के करीब डंपर से गिट्टी आई। गिट्टी उतारने के लिए चालक डंपर को मोड़ रहा था। तभी अनियंत्रित होकर डंपर वहां लगे हाईटेंशन लाइन के पोल से टकरा गया तो लाइन से निकली चिंगारी उस पर जा गिरी।

जिससे डंपर में आग लग गई। देखते ही देखते डंपर धू-धू कर जलने लगा तो चालक हीरा सिंह निवासी बैदपुरा इटावा ने कूदकर अपनी जान बचाई। वहां मौजूद ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली तो पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक डंपर पूरी तरह से जल गया है।

## बड़े पैमाने पर पैदा होगा रोजगार, भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर आया पीएम मोदी का बयान



**नईदिल्ली, 07 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते के लिए नए घोषित फ्रेमवर्क की तारीफ करते हुए कहा कि यह दोनों देशों के बीच पार्टनरशिप की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाता है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, भारत और अमेरिका के लिए बहुत ही अच्छी खबर! पीएम मोदी ने आगे लिखा, हमने अपने दोनों महान देशों के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक फ्रेमवर्क पर सहमति जताई है। मैं हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रति अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रपति ट्रंप को धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह फ्रेमवर्क हमारी साझेदारी की बढ़ती गहराई, विश्वास और गतिशीलता को दिखाता है। यह भारत के मेहनती किसानों, उद्यमियों, MSMEs, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों और अन्य लोगों के लिए नए अवसर खोलकर मेक इन इंडिया को मजबूत करता है। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा। पीएम नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह फ्रेमवर्क हमारे बीच निवेश और टेक्नोलॉजी पार्टनरशिप को और गहरा करेगा। साथ ही उन्होंने कहा, यह फ्रेमवर्क मजबूत और भरोसेमंद सप्लाई चेन को भी मजबूत करेगा और वैश्विक विकास में योगदान देगा। जैसे-जैसे भारत एक विकसित भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, हम ऐसे वैश्विक पार्टनरशिप बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो भविष्य-उन्मुख हों, हमारे लोगों को सशक्त बनाएं और साझा समृद्धि में योगदान

## संत कबीर नगर में किसान ने की आत्महत्या, परिजन बोले- चकबंदी में अनियमितता से आहत होकर दी जान

**संतकबीर नगर।** 47 वर्षीय किसान का शव शनिवार को भोर के घर में फंदे से लटका मिला। आरोप है चकबंदी प्रक्रिया से आहत होकर किसान ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। धनघटा थाना क्षेत्र के संठी गांव में परिजनों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि चकबंदी विभाग द्वारा अवैध रूप से धन लेकर 47 वर्षीय प्रभुनाथ प्रजापति का खेत गांव के पूरब स्थित ताल क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। मृतक की मां, पत्नी और पिता का कहना है कि प्रभुनाथ पिछले कई महीनों से चकबंदी विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगा रहा था, लेकिन उसकी आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। परिजनों का यह भी आरोप है कि विभागीय अधिकारियों ने उस पर दबाव बनाकर उसकी दर्ज कराई गई आपत्ति वापस करवा ली थी। परिजनों के अनुसार, खेत ताल में चले जाने से प्रभुनाथ मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगा था। वह बार-बार कहता था कि उसकी मेहनत की जमीन छीन ली गई है और कहीं भी न्याय नहीं मिल रहा।

# रोजाना सुबह 9 बजे से पहले कर लें ये काम, सारा दिन बने रहेंगे ऊर्जावान

***सुबह का समय एक नई शुरुआत का प्रतीक होता है। अगर आप चाहते हैं कि आपका दिन सफल और उत्पादक रहे तो सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। उठने के बाद आपको कुछ ऐसा काम करने चाहिए, जो आपको सारा दिन ऊर्जावान बनाए रखें। ये काम न सिर्फ आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे, बल्कि आपको पूरे दिन तारोताजा महसूस करवाएंगे। रोजाना सुबह 9 बजे से पहले ये 5 काम करने से आपकी उत्पादकता बढ़ेगी।***

### ध्यान लगाएं

ध्यान लगाना अपने मन को शांत रखने का एक बहुत ही अच्छा तरीका है। यह न केवल तनाव कम करता है, बल्कि एकाग्रता क्षमता को भी बढ़ाता है। सुबह 5-10 मिनट तक ध्यान लगाने से आपका मन तरोताजा रह सकता है और आप पूरे दिन बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसके साथ आप हल्का संगीत भी सुन सकते हैं, जिससे आपका मूड सुबह से ही अच्छा हो जाएगा और आपको पूरे दिन चिड़चिड़ाहट महसूस नहीं होगी।

### पानी पिएं

सुबह उठते ही सबसे पहले एक गिलास पानी पीना चाहिए। यह आपके शरीर को तरोताजा करता है और पाचन तंत्र को सक्रिय करता है। पानी पीने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है और आप हाइड्रेटेड महसूस करते हैं। इसके अलावा यह त्वचा को भी निखारता है और शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूत करता है। आप चाहें तो गर्म पानी का भी सेवन कर सकते हैं, जो वजन घटाने में भी मददगार होगा।

### एक्सरसाइज करें


सुबह-सुबह हल्की एक्सरसाइज करना फायदेमंद साबित होता है। इससे शरीर सक्रिय हो जाता है और मस्तिष्क भी तरोताजा महसूस करता है। आप योग या स्ट्रेचिंग कर सकते हैं और थोड़ी देर सैर पर जा सकते हैं। इससे शरीर का रक्त संचार बेहतर होता है और आप पूरे दिन ऊर्जावान बने रह सकते हैं। इसके अलावा यह आदत मानसिक शांति भी देती है और तनाव को कम करती है। नियमित एक्सरसाइज से आपकी सेहत में सुधार आएगा और आलस कम होगा।

### नाश्ता करें

नाश्ता दिन का सबसे जरूरी भोजन माना जाता है। इससे शरीर को पूरे दिन के लिए जरूरी ऊर्जा मिलती है और चयापचय बेहतर रहता है। नाश्ते में फल, दलिया या पोहा जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें, ताकि आपका शरीर जरूरी पोषक तत्व प्राप्त कर सके। कभी भी नाश्ता स्किप करने की गलती न करें, नहीं तो आपको पूरे दिन थकान महसूस होती रहेगी। अगर समय कम हो तो केवल एक गिलास स्मूदी ही पी लें।

### अपनी प्राथमिकताएं तय करें

सुबह-सुबह ही अपनी दिनभर की प्राथमिकताएं तय कर लें। इससे आपको पता रहेगा कि कौन-सा काम पहले करना जरूरी है और कौन-सा बाद में। इससे आपका समय बर्बाद नहीं होगा और आप ज्यादा उत्पादक रहेंगे। आप एक सूची बना सकते हैं या अपने मोबाइल ऐप का उपयोग कर सकते हैं, ताकि सब कुछ व्यवस्थित रहे। इस आदत से आपका दिन सफल और संतुलित रहेगा, जिससे आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकेंगे।







## चाहत पांडे ने ओटीटी की दुनिया में रखा कदम हसरतें सीजन 3 में निभाया चुनौतीपूर्ण किरदार

टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में अपनी पहचान बना रही एक्ट्रेस चाहत पांडे ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डेब्यू किया है। हंगामा ओटीटी पर रिलीज हुई नई वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 में उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है। उनका किरदार कई मायनों में महिलाओं की जटिल भावनाओं, उनकी इच्छाओं और उनके संघर्ष को बयां करता है। सीरीज के नए एपिसोड नया किराएदार में चाहत पांडे ने स्मिता नाम की गृहिणी की भूमिका निभाई है। स्मिता एक ऐसी महिला है, जो अपने पति के अचानक गायब होने के बाद अकेली और भावनात्मक रूप से असुरक्षित महसूस करती है। उसे अपनी दबंग सास के साथ रहना पड़ता है, जिससे उसके जीवन में दबाव और भी बढ़ जाता है। समाज की निगाहें, ऑफिस में हो रहे उत्पीडन् और अपनी अधूरी इच्छाओं को दबाने की मजबूरी ने उसकी जिंदगी को थमा दिया है। लेकिन कहानी में बदलाव तब आता है, जब उसके घर में समर्थ नाम का एक युवा म्यूजिशियन किरायेदार बनकर आता है। उनकी बढ़ती दोस्ती स्मिता के भीतर छिपी हुई भावनाओं को फिर से जागृत करती है। जैसे-जैसे स्मिता समर्थ के करीब जाने लगती है, अचानक उसके पति की वापसी हो जाती है। स्मिता को अब यह तय करना होता है कि वह समाज की बनाई गई मर्यादाओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों में बंधी रहे या अपनी खुशी और व्यक्तिगत स्वतंत्रता को चुने।

## कमर के दर्द से परेशान हैं? इन घरेलू उपायों को आजमाएं

कमर में दर्द होना एक आम समस्या है, लेकिन इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। यह दर्द कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि गलत तरीके से बैठना, भारी सामान उठाना या शारीरिक गतिविधियों की कमी होना। इस लेख में हम आपको कुछ सरल और असरदार घरेलू उपाय बताएंगे, जिनसे आप अपने कमर के दर्द को कम कर सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। इन उपायों को अपनाकर आप अपने जीवन में आराम ला सकते हैं।

गर्म सिकाई करें

गर्म सिकाई करना कमर के दर्द को कम करने का एक आसान और असरदार तरीका है। इसके लिए आप एक गर्म पानी की बोतल या फिर एक तौलिये को गर्म पानी में भिगोकर इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे प्रभावित जगह पर 15-20 मिनट तक रखें। यह मांसपेशियों को आराम देता है और खून का बहाव बढ़ाता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। गर्म सिकाई से सूजन भी कम होती है और आपको जल्दी आराम मिलता है।



हल्दी का सेवन करें

हल्दी में एक खास तत्व होता है, जो सूजन को कम करने वाले गुणों से भरपूर होता है। यह गुण कमर के दर्द को कम करने में मदद करता है। रोजाना एक गिलास दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पीने से शरीर की सूजन कम होती है और दर्द में आराम मिलता है। इसके अलावा हल्दी का सेवन शरीर की सुरक्षा को भी बढ़ाता है, जिससे आप स्वस्थ रहते हैं और कई बीमारियों से बचाव होता है।

तुलसी की चाय पिएं- तुलसी की चाय में ऐसे तत्व होते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद गुण दर्द कम करने में सहायक होते हैं और आपको आराम पहुंचाते हैं। रोजाना एक कप तुलसी की चाय पीने से न केवल आपका दर्द कम होगा बल्कि आपकी शरीर की सुरक्षा भी मजबूत होगी। इसके अलावा तुलसी की चाय पीने से मानसिक तनाव भी कम होता है, जिससे आपको मानसिक शांति मिलती है।

योग और स्ट्रेचिंग करें

योग और स्ट्रेचिंग कमर के दर्द को कम करने का एक प्राकृतिक तरीका है। रोजाना कुछ मिनट योगाभ्यास करने से मांसपेशियों में लचीलापन आता है और खून का बहाव बढ़ता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। इसके अलावा योग करने से मानसिक शांति भी मिलती है और तनाव कम होता है। स्ट्रेचिंग करने से शरीर की मांसपेशियां ढीली होती हैं और दर्द में आराम मिलता है।

सही मुद्रा में बैठें और उठें

गलत तरीके से बैठना और उठना कमर के दर्द का मुख्य कारण हो सकता है। हमेशा सीधे बैठें और उठते समय घुटनों को मोड़कर खड़े हों, न कि कमर को मोड़कर। इससे आपकी कमर पर दबाव नहीं पड़ेगा और दर्द कम होगा। सही तरीके से बैठने और उठने से आपकी मांसपेशियां सही तरीके से काम करती हैं, जिससे दर्द में राहत मिलती है। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपनी कमर के दर्द को कम कर सकते हैं।



## अपने आप से लड़कर मैंने खुद को पाया है, मेधा राणा ने जिंदगी में आए बदलाव को किया साझा

फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म बॉर्डर 2 के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। मेधा राणा ने कहा, साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। शुरुआत में मैं खुद को लेकर बहुत उलझन में रहती थीं। मुझे अक्सर लगता था कि शायद मैं इस इंडस्ट्री के लिए बनी ही नहीं हूं। ऐसे विचार मुझे भीतर से कमजोर बनाते थे और आगे बढ़ने में बाधा भी बनते थे।

उन्होंने कहा, जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो शुरुआती दिन बेहद कठिन थे। मैं लगातार खुद पर शक करती थी और अपने फैसलों को लेकर आश्वस्त नहीं थी। इस असमंजस से बाहर निकलने में मुझे काफी समय लगा। इंडस्ट्री को समझना, अपने आप को पहचानना और हालात को स्वीकार करना एक लंबी सीख की प्रक्रिया रही।

मेधा ने कहा, मैंने अपने आप से लड़कर खुद को पाया है। अब मैं खुद को पहले से ज्यादा स्वीकार करने लगी हूं। मैं अपनी कमियों और खूबियों दोनों को समझती हूं और उन्हें लेकर सहज हूं। यही स्वीकार्यता मेरे आत्मविश्वास की सबसे बड़ी वजह बनी है।

मेधा राणा ने कहा, फिल्म बॉर्डर 2 मेरे करियर का एक अहम मोड़ साबित हुई है। इस फिल्म का हिस्सा बनने के बाद और दर्शकों से मिली प्रतिक्रिया ने मेरे भीतर एक नया भरोसा पैदा किया। जब किसी कलाकार को उसके काम के लिए सराहना मिलती है, तो वह खुद पर यकीन करने लगता है। बॉर्डर 2 के अनुभव ने मुझे यह एहसास दिलाया कि मैं अपने हुनर में सक्षम हूं और मेहनत रंग ला सकती है।

उन्होंने कहा, अब मैं खुद को लेकर ज्यादा आश्वस्त महसूस करती हूं। अपने अभिनय कौशल और फैसलों पर मेरा भरोसा बढ़ा है। यह आत्मविश्वास मेरे जीवन की अब तक की सबसे बड़ी ग्रोथ है, जो मुझे आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा देता है।

### 25 दिनों में वर्ल्डवाइड 375 करोड़ की कमाई की

चिरंजीवी की माना शंकरा वरा प्रसाद गारू एक बहुत बड़ी बॉक्स ऑफिस सक्सेस बनकर उभरी है, जो रीजनल इंडस्ट्री की ऑल टाइम हिट बन गई है। फिल्म ने सिर्फ 25 दिनों में दुनिया भर में कुल 375 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है, जिससे यह चिरंजीवी के साथ-साथ रीजनल सिनेमा की भी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई है। यह उपलब्धि कमाल की है, खासकर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना दोनों मार्केट में फिल्म के ज़बरदस्त परफॉर्मेंस को देखते हुए, जिसने तीसरे और चौथे हफ़्ते में भी लगातार कलेक्शन बनाए रखा।



### फिल्म द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड का पहला गाना साथी रे रिलीज

'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड' का टीजर रिलीज हो चुका है। नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर कामख्या नारायण सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की परेशान करने वाली कहानी दिखाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया निभा रही हैं। तीन मुस्लिम लड़कों के साथ रिश्ते में आने के बाद उनकी जिंदगी धीरे-धीरे अंधेरे में चली जाती है। जो कहानी प्यार से शुरू होती है, वो आगे चलकर धर्म परिवर्तन से जुड़ी एक साजिश की डरावनी सच्चाई खोलती है। इसी दुनिया की एक और झलक देते हुए फिल्म का पहला गाना 'साथी रे' अब रिलीज हो चुका है।

'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड' का पहला गाना 'साथी रे' लड़की के प्यार, उसके जज्बातों, किसी के लिए अपनी दुनिया छोड़ देने और आखिर में धोखे व दर्द का सामना करने की कहानी को दिखाता है। फिल्म की थीम को बरकरार रखते हुए इस गाने में तीन मेल लीड्स की भी एंट्री होती है, उल्का गुप्ता के अपोजिट सुमित गहलावत, ऐश्वर्या ओझा के साथ अर्जन औजला और अदिति भाटिया के साथ युक्तम खोसला नजर आते हैं। 'साथी रे' को विशाल मिश्रा ने आवाज दी है, इसके बोल मनोज मुंतशिर ने लिखे हैं और म्यूज़िक मन्नन शाह ने कंपोज किया है।

'द केरल स्टोरी' के जबरदस्त असर के बाद जिसने अपनी बेबाक कहानी से पूरे देश को झकझोर दिया था, इसका सीक्वल और भी आगे जाने का वादा करता है। कामख्या नारायण सिंह के निर्देशन में बनी 'द केरल स्टोरी 2 -गोज बियॉन्ड' को विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस किया है, जबकि आशिन ए शाह ने सनशाइन पिक्चर्स के बैनर तले इसे को-प्रोड्यूस किया है। फिल्म 27 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### सू- दोकू क्र. 308

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.307 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | [illegible] | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

### शब्द सामर्थ्य -308

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 307 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



# ग्रामीणों की शंकाओं पर एसईसीएल चिरमिरी के सीजीएम ने कहा, नहीं होगा किसी भी किसान की भूमि का अधिग्रहण

## ग्रामीणों के भारी विरोध और चिरमिरी वासियों के एकतरफा समर्थन के बीच अंजन हिल कोयला खदान परियोजना की जनसुनवाई संपन्न

**चिरमिरी।** ग्रामीणों के भारी विरोध और चिरमिरी वासियों के एकतरफा समर्थन के बीच अंजन हिल कोयला खदान परियोजना की खड़गवां के ग्राम पंचायत भूकभूकी में आयोजित जनसुनवाई संपन्न गुरुवार को संपन्न हो गई । ग्रामीणों की शंकाओं पर एसईसीएल चिरमिरी के सीजीएम ने कहा कि इस परियोजना से परियोजना क्षेत्र में आने वाले गांव के किसी भी किसान की भूमि का अधिग्रहण नहीं होगा । रोजगार देने में चिरमिरी के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का भी ध्यान रखा जाएगा ।

गुरुवार को पूरे दिन चली जन सुनवाई में अंजनी हिल माइंस खोलने के प्रताकव का समर्थन करते हुए चिरमिरी के वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत शुक्ला ने कहा कि वर्तमान में चल रही कोयला खदानों का भविष्य केवल 4-5 साल का है । ऐसे में अंजनी हिल माइंस खुलने से चिरमिरी को एक नया जीवन मिलेगा । प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए पार्षद राहुल भाई पटेल, श्रमिक नेता राजेश महाराज, पार्षद मो.शहाबुद्दीन, अधिवक्ता शाहिद महमूद, भाजपा नेता रीत जैन, पार्षद मो. इकराम ने माइंस में दिए जाने वाले रोजगार में स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक प्राथमिकता देने की मांग की तथा सीएसआर मद से क्षेत्र में स्वास्थ सुविधाएं डेवलप करने की मांग की। कांग्रेस नेता शिवांश जैन, चिरमिरी नगर पालिक निगम की नेता प्रतिपक्ष गायत्री बिरहा, श्रमिक नेता शिव नारायण राव, भाजपा नेता फणींद्र हमाम मिश्रा ने प्रस्ताव का समर्थन करते हुए स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग की। युवा कांग्रेस के नेता सोमनाथ दत्ता ने अंजनी हिल ओपन कास्ट माइंस खोले जाने का जोरदार विरोध करते हुए इससे होने वाले प्रयाण के नुकसान पर प्रकाश डालते हुए इसे अंडर ग्राउंड माइंस के रूप में चलाने की मांग की । वहीं ग्रामीण क्षेत्र से जय प्रकाश साहू, अजय सिंह (ग्राम (आमडांड), पीतांबर सिंह मरकाम (ग्राम मेरो), जोहु सिंह(मेरो), श्रीमती कुर्रे, लक्ष्मण साहू (मुकुंदपुर), सुक्खूराम धुर्वे, सूर्यप्रताप सिंह (मेरो), प्रीति सिंह (दुबछोला), श्याम बाई (कदरेवा), बसंती (कदरेवा), विष्णुदेव श्याम (कदरेवा), पार्वती, पत्रकार सुनील शर्मा, दुर्गावती, अनिल सिंह उदय (आमाडांड) ने अंजनी हिल ओपन कास्ट माइंस खोले जाने का जमकर विरोध करते हुए कहा कि उनका जीवन जल जंगल जमीन से चल रहा है । इस ओपन कास्ट माइंस के खुलने से उनका पूरा जीवन अस्त व्यस्त हो जाएगा । पेड़ो के कटने से यहां का वातावरण बुरी तरह से प्रभावित होगा। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश कुमार ने पूरी प्रक्रिया को कानूनी रूप से अवैध बताते हुए कहा कि यह क्षेत्र 5 वीं अनुसूची में आता है । यहां बिना ग्राम सभा के अनुमति के (जो कि अब तक नहीं ली गई है), कोई भी जन सुनवाई पूरी तरह से अवैध है। जन सुनवाई के दौरान उठे सवालों का जवाब देते हुए एसईसीएल चिरमिरी के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि परियोजना के लिए किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा तथा पूरा विकास केवल आवंटित लीज क्षेत्र के भीतर ही किया जाएगा। स्थानीय समुदाय के विकास और कल्याण के लिए वे प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, सुरक्षा उपाय और जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हाल में किए गए सामुदायिक कार्यों में हुडी जैकेट, स्कूल बैग और डेस्क-बेंच वितरण जैसी पहलें भी शामिल हैं। इस परियोजना से किसी प्रकार का विस्थापन, पुनर्वास या अतिक्रमण का मुद्दा नहीं जुड़ा है और वनों, जल स्त्रोतों या वन्यजीवों पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना नहीं है। परियोजना क्षेत्र में कोई ग्राम पंचायत शामिल नहीं है, जिससे आसपास के गांवों पर नकारात्मक असर की आशंका नहीं है। जन सुनवाई के दौरान एमसीबी जिले के अपर कलेक्टर अनिल सिदार, पर्यावरण जलवायु संरक्षण अधिकारी शैलेश पिसदा, अनुविभागीय अधिकारी बृजेन्द्र सारथी, सीएसपी दीपिका मिंज, एसईसीएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार तथा सब एरिया मैनेजर मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जन सुनवाई के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। मौके पर स्वयं चिरमिरी सीएसपी दीपिका मिंज, चिरमिरी थाना प्रभारी विजय सिंह, पोड़ी थाना प्रभारी विवेक पाटले सहित पुलिस के कई बड़े अधिकारी मौजूद रहे।

# अंजनाहिल माइंस आरंभ से पहले ही विवादों में भाजपा नेता प्रदीप सलूजा की पोस्ट ने मचाया बवाल, लोक सुनवाई से पहले दोनों दलों पर पैसे लेने का बड़ा आरोप

### *भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों से निर्वाचित पार्षदों ने महापौर सभापति सहित थाना पहुँच एफ आई आर की मांग*



**चिरमिरी।** राजनीति में अक्सर दुश्मन बाहर होते हैं, लेकिन चिरमिरी नगर निगम में इस वक्त एक ऐसी 'जंग' छिड़ी है जहाँ लक्ष्मण रेखा घर के अंदर तक खिंच गई है । भाजपा के सक्रिय नेता बड़ा बाजार चिरमिरी निवासी प्रदीप सलूजा द्वारा अपनी ही पार्टी और विपक्ष के पार्षदों पर लगाए गए 'रिश्वतखोरी' के आरोपों ने एक ऐसा सियासी बवंडर खड़ा कर दिया है, जिसकी जद में अब उनका अपना ही कुनबा आता दिख रहा है।

यह खबर महज एक शिकायत की नहीं है बल्कि उस विरोधाभास की है जिसने भाजपा के भीतर की दरार को सड़क पर ला दिया है । प्रदीप सलूजा की पत्नी खुद वर्तमान समय में चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 28 बड़ा बाजार से भाजपा की ही टिकट से चुनाव लड़ी और वह पार्षद बनी और पार्टी की रीढ़ भी मानी जाती हैं जो शहर के चर्चित चेहरों में एक बड़ा चेहरा है । लेकिन आज हालात ये हैं कि उनके पति के खिलाफ थाने पहुंचने वालों में भाजपा के अपने ही पार्षद सबसे आगे खड़े हैं । वह भी खुद की पार्टी से निर्वाचित महापौर और सभापति जो पुरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। बीते शुक्रवार को भाजपा नेता प्रदीप सलूजा ने अपने सोशल मीडिया पर दावा किया कि शहर में संचालित होने जा रही अंजनहिल खुली खदान परियोजना के लिए वर्तमान निर्वाचित पार्षदों ने 'आंख मूंदकर और जेबें भरकर' समर्थन पर बनाये और उन्हें हस्ताक्षर कर लोक सुनवाई में एसईसीएल चिरमिरी



को दिया गया और चिरमिरी के बरतुंगा क्षेत्र के एक पार्षद ने रकम को और अधिक बड़ी करने के लिए अपना विरोध जताया जब राशि अधिक हुई तो उसने भी सबसे पहले समर्थन पत्र दिया।

### अब मर्यादा और दलगत राजनीति में छिड़ी जंग

यह खबर महज एक शिकायत की नहीं है, बल्कि उस विरोधाभास की है जिसने भाजपा के भीतर की दरार को सड़क पर ला दिया है । अब देखना यह होगा की इस मामले में निर्वाचित पार्षद पत्नी अपने पति के साथ पत्नी धर्म निभाती है या जिस पार्टी ने उन्हें यहाँ तक पहुचाया उसके साथ खड़ी होती है लेकिन आज हालात ये हैं कि उनके पति के खिलाफ थाने पहुंचने वालों में भाजपा के अपने ही पार्षद सबसे आगे खड़े हैं। भाजपा नेता के खिलाफ भाजपा के साथ कांग्रेस के ही पार्षदों को एकजुट कर उन्होंने यह संदेश दे दिया है । कि भ्रष्टाचार के आरोपों पर अब 'आर-पार' की लड़ाई होगी। हम जनता के प्रतिनिधि हैं किसी की सोशल मीडिया पोस्ट के मोहरे नहीं। अगर प्रदीप सलूजा के पास सबूत हैं तो पेश करें, वरना कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### चिरमिरी की गलियों में सुलगते सवाल ?

क्या यह गुटबाजी का चरम है..? क्या भाजपा के अंदरूनी कलह ने अब इतना विकराल रूप ले लिया है कि मामला थाने तक पहुंच गया? पत्नी की स्थिति अब क्या होगी. एक तरफ पति के खिलाफ मोर्चा, दूसरी तरफ साथ काम करने वाले पार्षद साथी भाजपा की महिला पार्षद के लिए यह अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। भाजपा चिरमिरी मंडल पुरे मामले में मौन-इस पूरे हाई-प्रोफाइल ड्रामे पर भाजपा संगठन का अगला कदम क्या होगा यह देखना दिलचस्प होगा ।

## सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन डोंहड़ा में 29 जनवरी से 4 फरवरी 26 तक सम्पन्न हुआ शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत डोंहड़ा की सरपंच श्रीमती यशोदा सिंह की मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्राचार्य श्रीमती नीलिमा टोप्पो, समाज सेवी लक्ष्मण सिंह एवं भूतल तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ शिविरार्थियों द्वारा शिविर के प्रथम दिवस से सप्तम दिवस तक प्रभात फेरी जागरुकता रैली नुक्कड़ नाटक परियोजना कार्य, बौद्धिक कार्यक्रम सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम वासियों के बीच जागरूकता फैलाने का प्रयास किया बौद्धिक कार्यक्रम में बुद्धि जीवियों के द्वारा विद्यार्थियों को समाज सेवा के माध्यम व्यक्तित्व विकास की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई शिविर में परियोजना कार्य अंतर्गत ग्राम पंचायत के मुख्य मार्ग के गड्ढों को पाटने का कार्य पंचायत भवन के खेल मैदान के समतलीकरण का कार्य आंगनबाड़ी एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण की सफाई का कार्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन देवालय की सफाई सार्वजनिक नलकूपों की सफाई का कार्य शिविरार्थियों के द्वारा किया गया।

# महाजन स्टेडियम में बढ़ती भीड़ के साथ सक्रिय हुए असामाजिक तत्व

**चरचा कॉलरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष के तहत खेले जा रहे रोमांचक मुकाबलों ने खेल प्रेमियों को बड़ी संख्या में आकर्षित किया है। प्रतिदिन दर्शकों की बढ़ती भीड़ के चलते जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लोग बाइक व स्कूटी से स्टेडियम पहुंच रहे हैं।

लेकिन इसी बढ़ती भीड़ का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व भी सक्रिय होते नजर आ रहे हैं जिससे दर्शकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। 5 फरवरी गुरुवार को बैकुंठपुर घुटरा पारा निवासी राहुल यादव अपने मित्रों के साथ अपनी बाइक नंबर छ्त .15 .छ्क्त .8053 (डीएच डीलक्स) बाइक से महाजन स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने मुख्य द्वार के समीप अन्य बाइकों के बीच अपनी बाइक खड़ी कर हैंडल लॉक किया और मैच देखने अंदर चले गए। मैच समाप्ति के बाद बाहर आने पर उनकी बाइक मौके से गायब मिली। अज्ञात चोरों द्वारा बाइक चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में राहुल यादव ने चर्चा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। यह स्पष्ट है कि प्रतियोगिता के दौरान असामाजिक तत्व सक्रिय हो चुके हैं और पुलिस प्रशासन को सीधे तौर पर चुनौती दे रहे हैं ,आने वाले दिनों में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता। प्रतियोगिता अभी लगभग 10 दिनों तक और चलनी है, जिसमें भारी भीड़ जुटने की पूरी संभावना है।ऐसी स्थिति में पुलिस प्रशासन एवं आयोजन समिति की संयुक्त और विशेष सतर्कता बेहद आवश्यक है। स्टेडियम परिसर और आसपास के इलाकों में गश्त बढ़ाने, पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने जैसे कदम उठाए जाने की जरूरत है। इस संबंध में चर्चा



थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।वहीं, खेल प्रेमी दर्शकों से भी अपील है कि वे अपने वाहनों व कीमती सामान की सुरक्षा स्वयं सुनिश्चित करें, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को दें, ताकि इस प्रतिष्ठित खेल आयोजन की गरिमा बनी रहे और रोमांच के साथ-साथ सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

## उपचार कराने परिवार गया बाहर, मौका पाते ही घर में हुई चोरी



**चिरमिरी।** प्रार्थी सौरभ सरकार की रिपोर्ट पर थाना पोड़ी में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रात्रि में घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर, सिक्के, लैपटॉप एवं मोबाइल चोरी किए जाने की रिपोर्ट तत्काल दर्ज की गई प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए श्रीमती रत्ना सिंह, पुलिस अधीक्षक एम.सी.बी. के मार्गदर्शन तथा श्री पुष्पेंद्र नायक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं श्रीमती दीपिका मिंज, सी.एस.पी. चिरमिरी के दिशा-निर्देश पर पोड़ी थाना प्रभारी विवेक पाटले के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि केराडोल बस्ती, पोड़ी में राजिम बंसल (उम्र 18 वर्ष) एवं दो विधि से संघर्षरत बालक संदिग्ध रूप से घूमते देखे गए हैं। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम सादे कपड़ों में उनके निवास की ओर रवाना हुई, जहां तीनों आरोपी झरिया देवेश मुख के घर के पास बैठे मिले । पुलिस को देखकर वे मौके से फरार हो गए, किंतु पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास कर तीनों को पकड़ लिया गया। हिकमत-अमली एवं मनो वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर आरोपियों ने प्रार्थी सौरभ सरकार के घर चोरी करना स्वीकार किया । आरोपियों की निशानदेही पर उनके द्वारा छिपाकर रखे गए स्थानों से हमे निम्न सामग्री बरामद हुई जिसमे मुख्य रूप से नीले रंग का सूटकेस01,क्रीम रंग का सूटकेस 01,लैपटॉप 02 नग,मोबाइल फोन.04 नग, पीतल की थालियाँ.03 नग, सोने-चांदी के जेवर एवं सिक्के जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 5 लाख रुपये बताई जा रही है। इसी प्रकरण में चोरी के सामान की बरामदगी के दौरान केराडोल साजा पहाड़ मुख्य मार्ग से लगी छोटी टेकरी क्षेत्र में सर्चिंग के समय निरीक्षक विवेक पाटले, एएसआई कमलेश पाण्डेय, एएसआई पूरन रजवाड़े, प्रधान आरक्षक अशोक मलिक एवं आरक्षक प्रदीप पाण्डेय को पुरानी साड़ी में लिपटी एक वजनदार पोटली मिली। पोटली खोलने पर एक सफेद रंग का प्लास्टिक झोला प्राप्त हुआ, जिसमें भारी मात्रा में नए चांदी के जेवर पाए गए । इस संबंध में तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदया को अवगत कराया गया । उनके निर्देशानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए धारा 106.बी एन एस एस के तहत गवाहों के समक्ष चांदी के जेवर जप्त किए गए। तौल कराने पर जप्त चांदी के जेवरों का कुल वजन 06 किलोग्राम पाया गया, जिसकी बाजार कीमत 18 लाख रुपये अठारह लाख रु है। करधन, पायल, सांठी, कंगन एवं चूड़ियाँ शामिल हैं पुलिस टीम की सराहना उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पोड़ी एवं साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले तथा थाना पोड़ी स्टाफ एएसआई कमलेश पाण्डेय, एएसआई पूरन रजवाड़े, प्रधान आरक्षक अशोक मलिक एवं आरक्षक प्रदीप पाण्डेय ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## जलाधिवास सहित कई शाश्वत परंपराओं के साथ नवनिर्मित राधाकृष्ण मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के विधान हुए पूरे, बड़ी संख्या में लोगों की हुई सहभागिता

कोरिया। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में आज प्रेमाबाग में नवनिर्मित राधा कृष्ण मंदिर में मुख्य यजमान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल एवं पार्षद साधना जायसवाल और शहर के गणमान्य नागरिकों एवं राधे राधे परिवार के द्वारा मंडल पूजनो उपरांत भगवान राधा कृष्ण लड्डू गोपाल को प्रथम जलाधिवास,द्वितीय अन्नाधिवास, तृतीय में पुष्पा धिवास,चतुर्थ में



मिष्ठान धिवास,में फला धिवास,छठम में द्रव्य धिवास,करा के पंचम सत्र का कार्य विश्राम द्वितीय सत्र में स्नपन सहस्त्र सिद्ध से भगवान का महाभिषेक नगर भ्रमण उपरांत सैया धिवास द्वितीय दिवस का कार्य संपन्न हुआ पूज्य आचार्य हेरंब कृष्ण दीक्षित सोनू महाराज के धाम में कार्य संपन्न हुआद्य महंत अंकित महंत,पुष्पेन्द्र जी,राज भोज त्रिपाठी सहित अनेक लोग शामिल रहे। आज शनिवार को न्यास, प्राण प्रतिष्ठा, हवन,आरती और भोग भंडारा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

## डीएवी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** डीएवी स्कूल पांडवपारा वार्षिक खेल कुद प्रतियोगिता आयोजित किया गया इस आयोजन के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक बीएन झा एस ई सि एल बैकुंठपुर क्षेत्र आर पी मिश्रा सहक्षेत्र प्रबंधक झिलिमिलि थे विशिष्ट अतिथि श्रीमती सोमवती मिश्रा श्रीमती विद्या प्रभा पांडे अभय गोबिंदवार खान अधीक्षक उपस्थित थे। संपूर्ण आयोजन प्राचार्य पी एल बर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदन आकाश अग्नि जल वायु कक्षा एल के जी से नवमी एवं 11वीं तक लग भग 550 खिलाड़ियों ने सहभागिता निभाई इस कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के तोरण द्वार पर अतिथियों को तिलक लगाकर स्नेहील स्वागत किया गया हरे भरे पौधे भेंट करने के साथ प्राचार्य पीएल वर्मा के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए स्वागत भाषण के पश्चात अपने उद्बोधन में बीएन झा महा प्रबंधक ने कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन से बच्चों के प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है हम समूह भावना एवं अनुशासन सिखते है केवल किताबिज्ञान के बजाय खेलकूद भी जरूरी है वर्तमानभौतिक युग में स्वास्थ्य को बचाये रखना बहुत जरूरी है।

# गोल्ड कप टूर्नामेंट में पश्चिम बंगाल व महाराष्ट्र ने जीता मैच

**चरचा कॉलरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के 50वें स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रतिदिन रोमांच नए शिखर को छू रहा है। जैसे-जैसे मुकाबले आगे बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे खेल प्रेमी दर्शकों की संख्या में भी जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में महिला-पुरुष दर्शक फुटबॉल के इस महाकुंभ के साक्षी बनने स्टेडियम पहुंच रहे हैं प्रतियोगिता के चौथे दिन दो बेहद रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिन्होंने दर्शकों को अंत तक स्टेडियम में रोके रखा सीटों से बांधे रखा।पहले मुकाबले से पूर्व परंपरा के अनुसार मुख्य अतिथि आलोक चक्रधारी इंजीनियर, नगर पालिका शिवपुर चरचा, विशिष्ट अतिथि प्रमोद पांडे थाना प्रभारी, चरचा, नीरज गुप्ता, पार्षद श्रीमती रमकली पाल को ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच सम्मानपूर्वक मैदान में लाया गया जहां अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इसके पश्चात स्टेडियम में उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं दर्शकों ने खड़े होकर राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया, जिससे माहौल देशभक्ति से सराबोर हो गया।

शुक्रवार को चौथे दिन का पहला मैच एम.ई.जी. बेंगलुरु और सेरसा खड़गपुर, पश्चिम बंगाल के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं। अंततः निर्णायक रेफरी



विजय आनंद द्वारा टाई-ब्रेकर कराया गया, जिसमें खड़गपुर की टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए खड़गपुर टीम के गोलकीपर दीप मंडलको मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।इस दौरान वरिष्ठ श्रमिक नेता हरि यादव, धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र श्रीवास्तव, हेमसागर यादव, प्रकाश शर्मा, पवन अग्रवाल, प्रभात दास, अनिल सिंह सहित हजारों खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के चौथे दिन गुरुवार को खेले गए दूसरा मैच सबसे बहुप्रतीक्षित मुकाबला मां कामाख्या फुटबॉल क्लब, बक्सर (बिहार) एवं एसईसी रेलवे, नागपुर के बीच खेला गया। यह दोनों टीमें पिछले वर्ष के फाइनल में आमने-सामने थीं, जिसमें नागपुर विजेता रही थी और बक्सर की टीम उपविजेता रही। इसी कारण दर्शकों में दोनों टीमों को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रेफरी आशीष तिवारी (बिलासपुर) द्वारा लगभग 4बजेमैच प्रारंभ कराया गया।इस मैच के पांचवें मिनट में ही नागपुर के खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 पी.के. मिसाल ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जर्सी नंबर 8 तेज बहादुर ने बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहले हाफ टाइम की अंतिम क्षणों में दूसरा गोल दागा। हाफ टाइम तक नागपुर 2-0 से आगे रही।हाफ टाइम के बाद बक्सर की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और मैच समाप्ति से चार मिनट पहले जर्सी नंबर 21 पी.ए. कोप ने गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। जो दर्शक मैदान छोड़कर जा रहे थे, वे भी वापस लौट आए।हालांकि, अंतिम समय तक कोई और गोल नहीं हो सका और नागपुर रेलवे की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की*इस मैच के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार नागपुर की टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 10 पी.के. मिसाल को दिया गयामैच के अंतिम समय में अनुशासनहीनता पर दोनों टीमों के एक-एक खिलाड़ी को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर किया गया। स्वर्ण जयंती वर्ष में यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों की मौजूदगी से और भी गौरवशाली बन गई है। बक्सर टीम में कई विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं, वहीं नागपुर रेलवे टीम के कोच अब्दुल खालिक स्वयं राष्ट्रीय खिलाड़ी रह चुके हैं। टीम के गोलकीपर कोइस खान भी रेलवे की राष्ट्रीय टीम के गोलकीपर हैं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मोहम्मद रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद, प्रवीण डेहरिया, कोषाध्यक्ष महेश कुमार, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रदीप डे, मोहम्मद ताहिर, मुनाफ अली, अब्दुल्ला, रोशन सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं

### आज को होंगे दो मुकाबले

शनिवार को प्रतियोगिता में दो मैच खेले जाएंगे। पहला मुकाबला अहीर स्पोर्टिंग क्लब, नीमच एवं संबलपुर (ओडिशा) के बीच होगा, जबकि दूसरे मैच में नागपुर व खड़कपुर की टीम आमने-सामने होंगी।

## दीपका में युवा सम्मेलन आज

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में तथा स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर दीपका नगर में एक भव्य युवा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन शनिवार, 7 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर, दीपका में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में कोयलांचल क्षेत्र के युवक-युवतियों को अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने का आह्वान किया गया है। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक चेतना और सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। आरएसएस दीपका नगर के संघ चालक लल्लू सिंह ने सभी सहभागियों से निर्धारित समय से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया है।

## युवा पीढ़ी को जागरूक करेंगे पं. दशरथनन्दन



**कोरबा।** भागवताचार्य पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी 7 से 10 फरवरी तक बिहार के नवादा शहर में प्रवचन करेंगे। धर्म, अध्यात्म और संस्कृति इसका विषय होगा। सामाजिक संगठन के आमंत्रण पर वे इस कार्यक्रम को करेंगे। देश के विभिन्न राज्यों में भागवत और श्री राम कथा करने के साथ अब पंडित द्विवेदी की मांग सार्थक विषयों पर प्रवचन के लिए हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और मूल्यों के बारे में अवगत कराना काफी आवश्यक हो गया है और इसी पर उनका फोकस है।

## साधक गए दतिया

**कोरबा।** सिद्धाश्रम साधक परिवार के द्वारा दतिया में साधना शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें गुरुदेव अरविंद श्रीमाली के द्वारा गुरुदीक्षा के अलावा विशेष दीक्षा दी जाएगी। इस साधना शिविर में कोरबा जिले के अलावा पूरे छत्तीसगढ़ से साधक दतिया के लिए रवाना हुए हैं। यह जानकारी घनश्याम बरेठ ने दी है।

## गौ विज्ञान द्वितीय चरण की परीक्षा कल सरस्वती विद्यालय में

**कोरबा।** सरस्वती हाईयर सेकंडरी विद्यालय सीएसईबी कोरबा में गौ विज्ञान द्वितीय चरण की परीक्षा 8 फरवरी को सुबह होगी। गोवंश की महिमा और वैज्ञानिक उपयोगिता को जनजन तक पहुंचाना इसका उद्देश्य है। गौ सेवा गतिविधि की ओर से परीक्षा का आयोजन रविवार को सुबह 3:30 बजे से होगा। विभाग संयोजक चंद्र प्रकाश अग्रवाल और गौ सेवा गतिविधि की जिला संयोजक लालिमा जायसवाल ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के साथ गोवंश एवं उनके उत्पाद के बारे में जानकारी देने का काम लंबे समय से जारी है। हम अधिकतम लोगों को इस आयाम से जोड़ना चाहते हैं।

# दादरखुर्द में बैंक अधिकारी के घर में चोरों का धावा, नकदी और सामानों को किया पार

### रायपुर से घर लौटा अधिकारी तो हाल देख उड़े होश

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** शुक्रवार की बीती रात मानिकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दादरखुर्द मार्ग स्थित एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया।

बताया जा रहा है कि मकान एसईसीएल कर्मी नवनीत नाथ का है जो एसईसीएल कालोनी में रहता है उसके मकान पर राजू मोदी का परिवार किराए पर रहता है। राजू मोदी एसबीआई बैंक में चीफ मैनेजर के पद पर पदस्थ है जो शुक्रवार को अपने परिवार के साथ रायपुर जमीन लेने के बाद रजिस्ट्री कराने गया हुआ था। राजू मोदी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह परिवार के साथ सभी रायपुर गए हुए थे। रात लगभग 1 बजे वापस लौटने के बाद घर पहुंचे तो घर पर ताला लगा हुआ था। ताला खोलकर अंदर घुसे तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। उन्हें यह देखकर अनिष्ट की



आशंका हुई। बैडरूम के अंदर घुसे तो खिड़की के राड टूटा हुआ था। इसकी सूचना तत्काल 112 और मानिकपुर चौकी पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। राजू मोदी ने बताया कि चोर घर पर रखे 20 हजार नगदी और लैपटॉप के अलावा कई महंगे सामान नही लेकर गए। आलमारी तोड़कर चोरों ने पांच लाख के जेवरात पार कर दिए। इन सामानों में चार सोने के चैन, लाकेट, अंगूठी और टॉप थे। मानिकपुर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। आसपास के कुछ संदिग्धों पर निगरानी बढ़ाई गई है। कई स्तर पर प्रकरण में जांच-पड़ताल की जा रही है।

### बाघा ने दिए अहम् क्लू

पुलिस ने इस मामले को सुलझाने के लिए डॉग स्क्वाड और फोरेंसिक एक्सपर्ट की भी मदद ली। डॉग स्क्वाड प्रभारी सुनील गुप्ता ने बताया कि बाघा ने सेंट लेकर लगभग 1 किलोमीटर दूर पोड़ीबहार



मैदान तक पहुंचा। यहां पर उसने कुछ खास सुराग दिए हैं। इस आधार पर पुलिस संदिग्ध तत्वों को जद में लेकर पूछताछ करेगी।

### फुटेज खंगाल रही पुलिस

स्नैफर डॉग बाघा से मिले क्लू के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की है। मानिकपुर पुलिस चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर ने बताया कि घटना स्थल और पोड़ीबहार क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

## कोल्गा के जंगल में कूप कटाई का काम होगा शुरू

### ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज शिकायत होगी वापस

**कोरबा।** जिले के कोरबा वनमंडल अंतर्गत पसरखेत रेंज के कोल्गा जंगल में कूप कटाई का काम शीघ्र ही शुरू होने वाला है। क्योंकि वन विभाग जहां ग्रामीणों के खिलाफ दर्ज शिकायत को वापस लेने के लिए तैयार हो गया है वहीं ग्रामीण भी कूप कटाई के कार्य में किसी तरह की बाधा न डालने पर अपनी सहमति दे दी है।


वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में गत दिवस कोल्गा के ग्रामीणों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा हुई जिसमें ग्रामीणों से कूप कटाई के काम में बाधा न डालने की बात विभाग की ओर से कही गई। वहीं ग्रामीणों ने अपने खिलाफ दर्ज शिकायत को वापस लेने की मांग की, जिस पर दोनों पक्षों ने सहमति जता दी। सहमति के बाद अब वन विभाग ने कूप कटाई का काम शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। ज्ञात रहे गत दिनों वन विभाग की ओर से इस जंगल में कूप कटाई का कार्य प्रारंभ किया जा रहा था, तब ग्रामीणों ने कड़ा विरोध करते हुए कूप कटाई के लिए पहुंच वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ हुज्जतबाजी की थी और कटाई में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों को छीन लिया था। जिस पर वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी थी। जिस पर पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया था।

# कोहड़िया के पास पाइप लाइन लीकेज से कई क्षेत्रों में जलापूर्ति हुई प्रभावित

### सुधार जारी, शाम तक पानी आने की संभावना

कोरबा। नगर निगम की जल प्रदाय व्यवस्था एक बार फिर प्रभावित हो गई। कोहड़िया क्षेत्र में एक स्थान पर मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने से ओवरहेड टैंकों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो गया और कई क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं हो सकी। नगर निगम का तकनीकी अमला इस फॉल्ट को ठीक करने में लगा है। इसके बनने पर ही आपूर्ति की जानी संभव होगी।

खबर के अनुसार नगर निगम के मुख्य जलोपचार संयंत्र कोहड़िया से पानी का शुद्धिकरण करने के साथ इसे निगम क्षेत्र के विभिन्न ओवरहेड टैंक तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद तय शेड्यूल में वहां से आसपास के क्षेत्रों के लिए पानी की आपूर्ति की जाती है। कोहड़िया क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर स्थित एक स्थान पर आज मुख्य पाइप लाइन में अज्ञात कारण से लीकेज की समस्या हुई। यह लीकेज काफी बड़ा था और इस चक्कर में यहां से बड़ी मात्रा में पानी का बहाव जारी रहा। इसके नतीजन पाइप लाइन से ओवरहेड टैंक तक पानी पहुंचने में समस्याएं हुई। ऐसे में स्वाभाविक रूप से न तो ओवरहेड टैंक पर्याप्त स्तर तक भरे जा सके और न ही वहां से आगे जलापूर्ति की जानी संभव हो सकी। बताया गया कि बड़े हिस्से में आज सुबह पानी प्रदाय नहीं हो सका। समस्या को देखते हुए नगर निगम की जल प्रदाय शाखा के तकनीकी अमले ने समस्याग्रस्त स्थान पर आवश्यक सुधार कार्य शुरू किया है। अधिकारियों के निर्देशन में यह काम चल रहा है। कार्यपालन अभियंता राकेश मसीह ने बताया कि हरसंभव कोशिश की जा रही है कि फॉल्ट को ठीक किया जाए और शाम तक संबंधित क्षेत्रों में पानी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।



## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर कन्वेंशन 10 को

**कोरबा।** कोल इंडिया में होने वाले राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर दीपका गेवरा क्षेत्र में 10 फरवरी को कन्वेंशन आयोजित किया गया है। जिसमें चार श्रमिक संगठनों के नेता शामिल होंगे। बैठक में हड़ताल को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। चार श्रमिक संगठन के रेशमलाल यादव, गोपाल नारायण सिंह, संदीप चौधरी, गिरजा साहू, दीपक उपाध्याय, एमपी सिंह, डीके मिश्रा, गिरीश जायसवाल, गिरीश शुक्ला सहित अन्य सदस्य शामिल होंगे। केंद्रीय कर्मशाला गेवरा में हड़ताल को लेकर प्रबंधन काफी गंभीर है। इसके लिए जेसीसी सदस्यों की बैठक बुलाई गई। जिसमें विकास शुक्ला, राकेश बेंजामीन, रामकृष्ण दुर्गे व अमृत साहू ने अपने विचार रखे। प्रबंधन चाहता है कि 12 फरवरी को होने वाले हड़ताल पर असर न हो। कुसमुंडा में भी हड़ताल को लेकर श्रमिक संगठनों ने जाकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा।

## बेलाकछार में कबड्डी खिलाड़ियों को मिला कौशल दिखाने का मौका



**कोरबा।** बेलाकछार बालको में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के बारहवें वर्ष का हुआ शानदार शुभारंभ। प्रथम मैच बॉयज स्पॉटिंग क्लब बालको और देवपहरी स्टार के बीच खेला गया जिसमें बालको की टीम 13 अंकों से विजेता रही। इस अवसर पर ग्राम पंचायत दोन्दरो के सरपंच बंधन सिंह कंवर, उपसरपंच प्रमिला पटेल, वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद हितानन्द अग्रवाल, पूर्व जनपद सदस्य बलराम साहू, पंच सुफल दास, अनिल दास, विनोद प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## अजगर ने कई घंटे किया परेशान

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सीतामढ़ी कुम्हार मोहल्ला में नोवा नेचर समिति के प्रमुख जितेंद्र सारथी ने 9 फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू किया है। यहां पर रहने वाले एक व्यक्ति के घर के चेंबर में इस अजगर को सुबह देखा। इस नजारे को देखने के बाद लोगों की मुश्किल बढ़ गई।

## पंजल दास सावलानी का निधन



**कोरबा।** टीपी नगर निवासी पंजल दास सावलानी का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आज सुबह मोतीसागर पारा स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार हुआ। वे राजेश और अमर सावलानी के पिता थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति में लगातार सुधार, सलाहकार खुश



**कोरबा।** कटघोरा विकासखंड के ग्राम डिंडोलभांठा के आश्रित ग्राम छिरहुंट सहित विभिन्न ग्रामों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्वच्छाग्रही दीदियां पूरी लगन से कचरा संग्रहण कर गांवों को स्वच्छ और सुंदर बना रही हैं। 6 फरवरी को राज्य सलाहकार श्रीमती मोनिका सिंह ने स्वच्छाग्रही दीदियों से मुलाकात कर उनके कार्य की सराहना की। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक व व्यक्तिगत शौचालय, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप पिट, सोख्ता गड्ढा, कचरा छटाई शेड, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट और निर्माणाधीन फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीण अब स्वयं शौचालय निर्माण कर उसका उपयोग कर रहे हैं और गंदे पानी का उचित निपटान किया जा रहा है। निरीक्षण में जनपद व जिला स्तर के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रबंधन से होगी चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा पूर्व केंद्रीय कर्मशाला में कार्यरत कामगारों को कल संडे ड्यूटी दिया जाएगा। लेकिन आने वाले दिनों में संडे ड्यूटी मिलेगा या नहीं इसकी चर्चा प्रबंधन से की जाएगी। जेसीसी सदस्य दिलीप सिंह, राजेश पांडेय, संतोष टंडन, दूजराम मिलन, राजेंद्र यादव का कहना है कि प्रत्येक महीने दो संडे ड्यूटी निर्धारित किया गया था। लेकिन पिछले महीने एक भी संडे ड्यूटी नहीं मिला। अभी तक बजट नहीं आया है। इसको लेकर प्रबंधन से चर्चा होगी और उनसे मांग की जाएगी कि तत्काल बजट मंगाकर संडे ड्यूटी कामगारों को दिया जाए। क्योंकि प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि दो महीने में तीन-तीन संडे ड्यूटी दिया जाएगा।

## नरईबोध में ग्रंथ पाठ 13 से

**कोरबा।** नरईबोध में ग्रंथ पाठ 13 फरवरी से शुरू हो रहा है। महिला कांग्रेस की जिला महामंत्री भुनेश्वरी दास के निवास स्थान पर ग्रंथ पाठ के अलावा चौका आरती किया जाएगा। जिसमें सांसद ज्योत्सना महंत के अलावा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज चौहान को आमंत्रित किया जाएगा। कल रलिया में भी संत समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश परसाई, मनोज चौहान, गोपाल यादव, गोरेलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके पहले सलोरा में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदकुमार देवांगन, लल्लू सिंह, रामगोपाल कंवर, जीवन यादव सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।

# प्रशासन ने हसदेव पुल पर लगाया प्रतिबंध, दौड़ रहे वाहन



### कुदुरमाल में रोज ऐसे नजारे

**कोरबा।** कुदुरमाल में हसदेव नदी पर बने सड़क पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर दोपहिया और चारपहिया वाहन धड़ल्ले से इस पुल को पार कर रहे हैं, जो किसी भी समय बड़ी दुर्घटना को न्योता दे सकता है।


कई दशक पहले निर्मित यह सड़क पुल अब पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। पुल की सतह पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं, वहीं ऊपर बिछी लोहे की सरिया बाहर निकल आई है, जिससे हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है। प्रशासन द्वारा तकनीकी निरीक्षण के बाद पुल को अगले आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंधित घोषित किया गया है। पुल के दोनों सिरों पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुधार कार्य में हो रही देरी और शॉर्टकट रास्ते की चाह में पुल के दोनों ओर मिट्टी भरकर अस्थायी रास्ता बना लिया है। नतीजतन, खराब स्थिति के बावजूद चारपहिया वाहन भी इस पुल से गुजर रहे हैं। जब मौके पर कुछ चारपहिया वाहन चालकों को रोककर पूछताछ की गई, तो अधिकतर का एक ही जवाब था हमें पुल के प्रतिबंधित और जर्जर होने की जानकारी नहीं थी, हम पहली बार यहां से गुजर रहे हैं। पुल में मौजूद गड्ढों और उभरी लोहे की सरिया को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां से गुजरने वाला हर वाहन खतरे में है। बावजूद इसके, लोग जोखिम को नजरअंदाज कर रहे हैं।


**किराए पर देना है**

कोरबा बुधवारी बाजार के पास एचआईजी-4 नेहरू नगर स्किन केयर क्लीनिक के ऊपर प्रथम तल सर्वसुविधायुक्त व्यावसायिक उपयोग हेतु किराए पर देना है।

संपर्क करें

मो. नं.-98263 89894


स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com